स्वारघाट (बिलासपुर)। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को निर्माणाधीन किरतपुर-नेरचौक फोरलेन की सबसे बड़ी टनल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद केंद्रीय मंत्री ने कहा कि फोरलेन का 15 मई को केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से उद्घाटन करवाने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने देश भर में आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ किया है। भानुपल्ली-बिलासपुर रेललाइन को इस बार बजट में 1000 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। किरतपुर-नेरचौक फोरलेन का काम रिकॉर्ड समय में पूरा किया है। सभी टनल का काम पूरा हो चुका है। बाकी का काम भी 15 मई से पहले पूरा हो जाएगा। फोरलेन बनने से लोगों के समय की बचत होगी। तीन घंटे का सफर मात्र 40 मिनट में हो जाएगा। टनल का निरीक्षण करने के बाद अनुराग स्वारघाट में भाजपा मंडल श्री नयना देवी के कार्यकर्ता मिलन समारोह में शामिल हुए। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं श्री नयनादेवी जी के विधायक रणधीर शर्मा ने हिमाचल के प्रवेश द्वार गरामोड़ा में अनुराग ठाकुर का स्वागत किया। कार्यकर्ता मिलन समारोह के बाद अनुराग ने जन समस्याएं सुनीं और अधिकतर का मौके पर निवारण भी किया।

## ग्रीन एनर्जी, क्लाइमेट चेंज पर केंद्र के बजट में किया प्रावधान, सीएम सुक्खू इसे कह रहे अपना : अनुराग

श्री नयना देवी जी (बिलासपुर)। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि ग्रीन एनर्जी और क्लाइमेट चेंज पर केंद्र सरकार ने बजट में विशेष प्रावधान किए हैं। मुख्यमंत्री ग्रीन एनर्जी की घोषणा कर इसका श्रेय खुद लेना चाहते हैं। सरकार के बजट में कहीं भी गोबर खरीदने, दूध खरीदने या 300 यूनिट फ्री बिजली का जिक्र नहीं किया गया है। उन्होंने कांग्रेस पर महिलाओं को गुमराह करने का आरोप लगाया। कहा कि बजट घोषणा में इन्होंने प्रदेश में मात्र 2 लाख 31 हजार महिलाओं को 1500 रुपये प्रतिमाह देने की बात की है। इसकी भी देनदारी के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं दिखता। जब यह सरकार बनी थी तो हिमाचल की 32 लाख महिलाओं की बात की जा रही थी। इससे पता चलता है कि सरकार लोगों को सिर्फ गुमराह कर रही है। संवाद

# राज्यसभा में पेश नहीं हो सका हाटी समुदाय से संबंधित बिल

**जनजातीय संशोधन बिल के पास होने के लिए अभी करना होगा इंतजार**

संवाद न्यूज एजेंसी

**पांवटा साहिब (सिरमौर)।** जनपद सिरमौर का हाटी जनजातीय संशोधन बिल संसद सत्र के गतिरोध की भेंट चढ़ गया। सत्र के अंतिम दिन भी गतिरोध रहने से बिल राज्यसभा में पेश नहीं हो सका। लिहाजा, हाटी समुदाय के लोगों का इंतजार और बढ़ गया है।

इधर, हाटी समिति की केंद्रीय कार्यकारिणी ने भी स्थिति स्पष्ट की है। समिति के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ. अमीचंद कमल और महासचिव कुंदन सिंह शास्त्री ने कहा कि हाटी समुदाय से संबंधित तृतीय जनजातीय संशोधन बिल पूरे सेशन में कई बार कार्यसूची में आने के बावजूद संसद सत्र के अंतिम दिन भी गतिरोध के चलते राज्यसभा में प्रस्तुत नहीं हो सका।

हालांकि, इससे निराशा हाथ लगी है, लेकिन हाटी पदाधिकारी सभी संविधानिक प्रक्रियाएं पूरी होने पर अधिकार मिलने को लेकर पूरी तरह आश्वस्त हैं। केंद्रीय

**सत्र के अंतिम दिन गतिरोध के बीच नहीं हो सका पेश**

जनजातीय मंत्री ने सार्थक प्रयास किए हैं। लोग किसी भी तरह की भ्रामक और मनघड़ंत बातों में न आएं।

इस मुद्दे पर 28 मार्च को सांसद सुरेश कश्यप और पूर्व विधायक बलदेव सिंह तोमर के नेतृत्व में हाटी पदाधिकारी जनजातीय मंत्री अर्जुन मुंडा और जनजातीय राज्यमंत्री रेणुका सिंह से मिले थे। बैठक में आश्वासन मिला था कि बिल अवश्य पास करवाया जाएगा। यह बिल लोकसभा में पहले ही पारित हो चुका है। राज्यसभा में हाटी मुद्दे पर चर्चा के लिए तथ्यपूर्ण जानकारी भी उपलब्ध करवा दी गई थी। हाटी समिति संपर्क में भी थी, लेकिन संसद सत्र का गतिरोध वीरवार को अंतिम दिन भी बना रहा। इस स्थिति के चलते कुछ लोग कई तरह से मनघड़ंत बातों से जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर सकते हैं।

# कांगड़ा की जमूला पंचायत बालिका गौरव पुरस्कार से सम्मानित

**प्रदेश सरकार ने प्रदान की 10 लाख रुपये की राशि**

**डरोह (कांगड़ा)।** विकास खंड सुलह स्थित भेड़ू महादेव की ग्राम पंचायत जमूला को बालिका गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। प्रदेश सरकार की ओर से पंचायत को 10 लाख रुपये की इनामी राशि प्रदान की गई। विकास खंड सुलह के विकास खंड अधिकारी योगेंद्र सिंह ने सभी ग्राम पंचायतों के नाम जिला स्तर पर भेजे थे। इसमें ग्राम पंचायत जमूला को जिला कांगड़ा में पहले स्थान पर चुना गया।

बालिका गौरव पुरस्कार पंचायत स्तर पर लड़के और लड़कियों के लिंग अनुपात के आधार पर दिया जाता है। जिस पंचायत में लड़कियों की संख्या लड़कों से ज्यादा होती है, उस पंचायत को बालिका गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। ग्राम पंचायत प्रधान रीना कटोच ने बताया की ग्राम पंचायत जमूला में लिंग अनुपात के आधार पर लड़कियों की संख्या लड़कों से ज्यादा है। वर्ष 2022-23 के लिए उनकी पंचायत को पुरस्कृत किया गया। इसमें सरकार की तरफ से 10 लाख रुपये की नकद राशि भी प्रदान की गई है। रीना कटोच ने पंचायत के सभी लोगों को बधाई दी है। वहीं, विकास खंड अधिकारी व सरकार का इस सम्मान के लिए धन्यवाद किया है। पंचायत के ग्रामीणों में इस बात को लेकर खुशी की लहर है। संवाद

# आईजीएमसी शिमला के लिए लैंडलाइन फोन खरीद में घपला

**15-15 हजार कीमत वाले 400 फोन खरीदे, बाजार में 1,200 रुपये है दाम, खरीद पर उठने लगे सवाल**

सुमित ठाकुर

**शिमला।** इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज (आईजीएमसी) एवं अस्पताल शिमला के लिए करीब 60 लाख रुपये से हुई 400 लैंडलाइन फोन सेटों की हुई खरीद में घपला हुआ है। इन लैंडलाइन फोन को मार्केट रेट से कई गुना अधिक दामों पर खरीदा है, जबकि इनमें सुविधा आम सेट की भी नहीं हैं।

सूत्रों के अनुसार अस्पताल प्रबंधन को एक लैंडलाइन फोन सेट लगभग 15 हजार रुपये में पड़ा है, जबकि बताया जा रहा है कि बाजार में इसी फोन की कीमत 1,200 रुपये है। अब आईजीएमसी प्रबंधन ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के इलेक्ट्रिसिटी विंग के अधिकारियों से खरीद का रिकॉर्ड मांग लिया। जांच में कई अधिकारी लपेटे में आ सकते हैं। अस्पताल में किसके कहने पर इतनी महंगी दरों पर ये फोन खरीदे गए, इसको लेकर चर्चा का माहौल बना हुआ है। आईजीएमसी में नई एक्सचेंज लगाने का काम वर्ष 2020 में शुरू हुआ था। यह एक्सचेंज अभी सुचारु रूप से नहीं चल पाई है। इस बीच 400 लैंडलाइन फोन खरीदे लिए गए। दावा किया जा रहा था कि इन फोन में इंटरनेट व अन्य सुविधाएं भी होनी थीं, लेकिन स्थिति इसके विपरीत थी। आलम यह है कि अस्पताल में जिन जगहों पर ये फोन लगे हैं, वहां भी सही से नहीं चल रहे हैं।

प्रबंधन को इसकी सूचना मिली तो जांच में ये बातें सही पाई गईं। प्रबंधन स्तर पर की जांच में पाया गया कि इसमें फोन सुनने के अलावा अन्य कोई सुविधा नहीं है। ऐसे में अब प्रबंधन ने अब पीडब्ल्यूडी इलेक्ट्रिसिटी विंग के अधिकारियों से इनकी खरीद का रिकॉर्ड मांग लिया है। संवाद



**कई फोन लगाए नहीं, जो लगे हैं वे बताई गई सुविधा के अनुसार नहीं**

**■ प्रबंधन ने अब पीडब्ल्यूडी इलेक्ट्रिसिटी विंग के अधिकारियों से खरीद का रिकॉर्ड मांगा**

**घपला मिला तो करेंगे एफआईआर**

आईजीएमसी के वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राहुल गुप्ता ने बताया कि लैंडलाइन फोन की कीमत लगभग 15,000 रुपये है। हालांकि पीडब्ल्यूडी इलेक्ट्रिसिटी विंग के अधिकारियों से इसके टेंडर दस्तावेज मांगे गए हैं। अगर इसमें घपला पाया जाता है, तो तुरंत एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी।

**खरीद प्रक्रिया में अस्पताल प्रबंधन को भी नहीं किया था शामिल :** बताया जा रहा है कि फोन खरीद प्रक्रिया में अस्पताल प्रबंधन तक को शामिल नहीं किया गया। सूत्रों के अनुसार इन फोन के डिब्बों पर प्रिंट रेट 25,000 रुपये है। ऐसे में सवाल यह है कि जब फोन बाजार में ही थे तो 1,000 से लेकर 1,200 रुपये तक में मिलने वाले ऐसे ही फोन क्यों नहीं खरीदे गए।

अमर उजाला

0 8 APR 2023

30

# अभिभावकों को बड़ा झटका, कुछ निजी स्कूलों ने पंद्रह फीसदी तक बढ़ा दी फीस

## पढ़ाई का बोझ बढ़ जाने से अभिभावक चिंतित, बोले-फीस के हिसाब से नहीं हो रही पढ़ाई

भारती शर्मा

**शिमला।** निजी स्कूलों ने नया शिक्षा सत्र शुरू होने के साथ ही दस से पंद्रह फीसदी तक फीस बढ़ा दी है। प्रवेश के नाम पर स्कूल संचालक अभिभावकों से मोटी रकम वसूल रहे हैं। कुछ स्कूलों में इससे ज्यादा भी फीस बढ़ाई गई है।

किताबे, स्टेशनरी और वर्दी पहले ही बाजार में महंगी हो चुकी है। पढ़ाई का बोझ बढ़ने से अभिभावक चिंतित हैं। शहर के सभी नामी स्कूलों में सालाना फीस में वृद्धि की है। इसमें ऑकलैंड, डीएवी और सेंट एडवर्ड सहित अन्य सभी नामी स्कूल शामिल हैं। शिमला और प्रदेश में नया शिक्षा सत्र शुरू हुए एक महीना बीत चुका है। ऐसे में अब अप्रैल से बढ़ी हुई फीस ने अभिभावकों की चिंता बढ़ा दी है।

स्कूल ने अभिभावकों को फीस और वार्षिक फंड को किस्तों में अदा करने के विकल्प दिए हैं। डीएवी लक्कड़ बाजार स्कूल में चार किस्तों के साथ, ऑकलैंड हाउस स्कूल में तीन और सेंट एडवर्ड में आठ किस्तों के साथ सालाना फीस ली जाती है। डीएवी लक्कड़ बाजार में जहां 2022-23 सत्र में एक किस्त 10,720 रुपये की थी वहीं 2023-24 में 5,040 रुपये की वृद्धि के साथ

### पांच से सात हजार सालाना फीस में की गई है बढ़ोतरी

एक किस्त 11,540 तक पहुच गई है। ऑकलैंड स्कूल में पिछले सत्र की एक किस्त 20,510 मे 5,608 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। सेंट एडवर्ड में दूसरी कक्षा की सालाना फीस 48,000 रुपये थी। वह अब तीसरी कक्षा में बढ़कर 55,730 रुपये हो गई है। अभिभावक देवेंद्र ने बताया कि उनका बेटा तीसरी कक्षा में पढ़ता है। इन्होंने बताया कि दूसरी कक्षा के मुकाबले तीसरी कक्षा में प्रवेश लेने के लिए उन्हें 7,730 रुपये ज्यादा चुकाने पड़े हैं। देवेंद्र ने कहा कि बच्चों की पढ़ाई का बोझ हर साल बढ़ता जा रहा है। इससे उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अभिभावकों ने सरकार से मांग की है कि स्कूलों की मनमानी पर जल्द अंकुश लगाया जाए। संवाद

### किस स्कूल की कितनी बढ़ी फीस

| स्कूल | सत्र 2022-23 | सत्र 2023-24 |
|---|---|---|
| ऑकलैंड हाउस | 61,530 | 66,078 |
| सेंट एडवर्ड | 48,000 | 55,730 |
| डीएवी लक्कड़ बाजार | 42,880 | 46,160 |

"फीस में ज्यादा वृद्धि नहीं होनी चाहिए। इससे संबंधितसंबंधित सभी निर्णय शिक्षा विभाग लेता है। लेकिन अभी तक इससे संबधित कोई शिकायतें नहीं आई है।

-राजेश कुमार, कार्यवाहक डिप्टी डायरेक्टर

### कई स्कूलों में एक शिक्षक पढ़ा रहा है दो-दो विषय



**शिमला।** अभिभावकों ने बताया कि निजी स्कूल जिस हिसाब से फीस बढा रहे हैं, उस हिसाब से बच्चों की पढ़ाई मे सुविधा नही मिल रही है। इनका कहना है कि कई स्कूलों मे एक अध्यापक दो-दो विषयों को पढ़ा रहे है। इसमें बच्चों को सही तरीके से विषय की जानकारी नहीं मिल पाती।

अभिभावक हिमांशी ने कहा कि उनकी बेटी दूसरी कक्षा में पढ़ती है। इनका कहना है कि बच्चों की पढ़ाई का बोझ लगातार बढ़ रहा है। स्टेशनरी, पाठ्य सामग्री पहले से महंगी हो गई है। फीस भी हर साल बढ़ जाती है। ऐसे में बच्चों को कैसे पढ़ाया जाए, जितना कमाते हैं उससे ज्यादा तो बच्चों की पढ़ाई मे ही लगता है। संवाद

### अभिभावकों की सहमति के बाद ही तय की जाए निजी स्कूलों में फीस : मेहरा

**शिमला।** छात्र अभिभावक मंच के अध्यक्ष विजेंद्र मेहरा ने कहा कि निजी स्कूलो की ओर से लगातार हर वर्ष मनमाने तरीके से फीस मे वृद्धि की जा रही है।

सरकार को निजी स्कूलो की बढाई जा रही फीसो पर अंकुश लगाना चाहिए। साथ ही फीस के संचालन, पाठ्यक्रम और विषय वस्तुओ के लिए नियम बनाने चाहिए। उन्होने कहा कि सरकार को स्कूलो की मनमानी पर अंकुश लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि फीस अभिभावकों की सहमति से ही तय होनी चाहिए। संवाद

पंजाब केसरी 08 APR 2023

# लोकतंत्र बचाओ मशाल शांति मार्च में शामिल हुए मुख्यमंत्री

## बोले, केंद्र ने राजनीतिक षड्यंत्र रचकर राहुल गांधी की सदस्यता को किया रद्द

शिमला, 7 अप्रैल (कुलदीप): मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आरोप लगाया है कि केंद्र सरकार ने राजनीतिक षड्यंत्र के तहत राहुल गांधी की संसद सदस्यता को रद्द किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस कांग्रेस पार्टी ने देश में 75 साल तक लोकतंत्र को मजबूत किया, भाजपा उसे कमजोर करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र की हत्या नहीं होने देगी।

मुख्यमंत्री ने यह बात हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस की तरफ से शुक्रवार सायं निकाले गए लोकतंत्र बचाओ मशाल शांति मार्च के दौरान पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत के दौरान कही। वह इस शांति मार्च में शिमला क्लब से ओकओवर तक शामिल हुए। युवा कांग्रेस की तरफ से राहुल गांधी के समर्थन में यह शांति मार्च राजीव भवन से ओकओवर होते हुए राजभवन तक निकाला गया। इसमें शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, विधायक हरीश जनारथा, भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.वी. श्रीनिवास, प्रदेश प्रभारी अमरप्रीत लाली और हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष निगम भंडारी सहित अन्य कार्यकर्त्ता शामिल हुए। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा देश में लोकतंत्र की हत्या कर रही है। ऐसे में कांग्रेस पार्टी देशभर में राहुल गांधी के समर्थन में इस तरह के आयोजन कर रही है।



*शिमला : मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू युवा कांग्रेस की तरफ से निकाले गए लोकतंत्र बचाओ मशाल मार्च में शामिल होते हुए।* (नरेश)

### कार्ट रोड पर कुछ देर लगा जाम

युवा कांग्रेस की तरफ से निकाले गए लोकतंत्र बचाओ मशाल शांति मार्च के दौरान कार्ट रोड पर कुछ देर के लिए जाम भी लगा। इस कारण कुछ देर तक यातायात प्रभावित हुआ। हालांकि पुलिस ने मुस्तैदी से यातायात को बहाल करने का प्रयास किया।

# सुख-आश्रय अनाथ व निराश्रितों के लिए वरदान : सुक्खू

## मुख्यमंत्री बोले, चिल्ड्रन ऑफ स्टेट के माता-पिता होगी सरकार

शिमला, 7 अप्रैल (हैडली): मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के सुख-आश्रय विधेयक से अनाथ व निराश्रितों का भविष्य सुरक्षित व उज्ज्वल बनेगा। प्रदेश में मुख्यमंत्री का पदभार ग्रहण करने के बाद सुखविंदर सिंह सुक्खू ने त्वरित कार्रवाई करते हुए राज्य में लंबे समय से उपेक्षित मुद्दे को हल करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

हिमाचल प्रदेश सुख-आश्रय (बच्चों की देखभाल, संरक्षण और आत्मनिर्भरता) विधेयक को विधानसभा में पारित करके कानूनी रूप में अनाथ बच्चों का भविष्य सुनिश्चित किया है। इस विधेयक से अनाथ और निराश्रित बच्चों को जहां बेहतर सुविधाएं मिल पाएंगी, वहीं उन्हें अपने भविष्य की नींव को मजबूत करने में सहायता मिलेगी।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि सुख-आश्रय विधेयक के लागू होने से राज्य के 6000 निराश्रित बच्चों, जिन्हें अब 'चिल्ड्रन ऑफ स्टेट' के रूप में अपनाया गया है, के लिए प्रदेश सरकार ही माता और पिता है। राज्य सरकार इन बच्चों को अभिभावक के रूप में पालने-पोसने और समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए हरसंभव प्रयास करेगी। इस विधेयक का उद्देश्य अनाथ, निराश्रित और दिव्यांग बच्चों को उचित देखभाल, सुरक्षा, विकास और आत्मनिर्भरता प्रदान करना है।

इसमें चाइल्ड केयर और आफ्टर केयर संस्थानों में रहने वाले बच्चों को वस्त्र और उत्सव अनुदान प्रदान करने का प्रावधान भी किया गया है, साथ ही बच्चों को राज्य के भीतर और अन्य राज्यों में वार्षिक शैक्षणिक भ्रमण का अवसर भी हासिल होगा। इसके अतिरिक्त प्रत्येक बच्चे के लिए आवर्ती जमा खाते खोले जाएंगे, जिनमें राज्य सरकार योगदान देगी।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इन बच्चों को 27 वर्ष की आयु तक उच्च शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण, कौशल विकास और कोचिंग प्रदान करने के लिए आवश्यक सहायता प्रदान करेगी और इस दौरान उनके व्यक्तिगत खर्चों को पूरा करने के लिए स्टाइपैंड प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बिल में जो बच्चे 18 वर्ष की आयु के बाद अपना स्टार्टअप स्थापित करना चाहते हैं, उन्हें प्रदेश सरकार वित्तीय सहायता प्रदान करने के अलावा भूमिहीन, अनाथों और निराश्रितों को 3 बिस्वा भूमि आबंटन व आवास अनुदान का भी प्रावधान करेगी।

# कांग्रेस चलाएगी जय भारत सत्याग्रह अभियान

शिमला, 7 अप्रैल (राक्टा): हिमाचल कांग्रेस आगामी 15 अप्रैल से सभी जिलों में जय भारत सत्याग्रह अभियान शुरू करेगी। 20 अप्रैल तक चलने वाले इस अभियान में पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं सहित पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता भाग लेंगे। इसी कड़ी में अभियान की पूरी रूपरेखा तैयार करने के लिए कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद प्रतिभा सिंह 11 अप्रैल को सभी जिला अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगी।

**पार्टी प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह 11 अप्रैल को जिलाध्यक्षों के साथ करेंगी बैठक**

यह बैठक प्रदेश पार्टी मुख्यालय राजीव भवन शिमला में होगी। कांग्रेस महासचिव अमित पाल सिंह ने बताया कि बैठक में सभी जिलाध्यक्षों के साथ पार्टी के सभी अग्रणी संगठनों के प्रमुखों को भी विशेष तौर पर बुलाया गया है।

पंजाब केसरी
08 APR 2023

32

### विपक्ष पर भारी पड़ी सत्तापक्ष की रणनीति

# सुक्खू ने विपक्ष के स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा की अनुमति देकर सबको चौंकाया

शिमला, 7 अप्रैल (ब्यूरो): हिमाचल प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में सत्ता पक्ष की तरफ से बनाई गई रणनीति विपक्ष पर भारी पड़ी।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अपने पहले ही बजट सत्र में विपक्षी भाजपा को हावी नहीं होने दिया। भाजपा की तरफ से संस्थानों को डिनोटिफाई करने को लेकर बनाए गए प्रमुख मुद्दे पर सदन में नियम-67 के तहत चर्चा की अनुमति देकर सबको चौंकाया। मुख्यमंत्री बनने के पहले दिन से निराश्रितों की मदद के लिए आगे आए सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इसे लेकर सदन से विधेयक भी पारित करवाया।

इस विधेयक के पारित होने के बाद देश में हिमाचल प्रदेश ऐसा पहला राज्य बन गया है, जिसने 6,000 निराश्रित बच्चों की उच्च शिक्षा से लेकर उनको अपने पांव पर खड़ा करने और बाद में उनके लिए आवास की सुविधा तक देने का निर्णय लिया है। ऐसा भी पहली बार हुआ जब संपत्ति में बेटियों को बेटे के बराबर हक देने संबंधी विधेयक पर मुहर लगी।

### वाटर सैस विवाद खड़ा होने से पहले शांत किया

विधानसभा बजट सत्र के दौरान पन विद्युत परियोजनाओं पर लगाए जाने वाले वाटर सैस पर पड़ोसी राज्यों पंजाब और हरियाणा ने हिमाचल प्रदेश के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने स्थिति को भांपते हुए खुद पंजाब जाकर वहां के मुख्यमंत्री भगवंत मान से इस विषय पर चर्चा की। इससे अब राज्य में वाटर सैस लगाने का रास्ता साफ हो गया है, जिससे सालाना 4,000 करोड़ रुपए की आय होगी।

### 2026 तक ग्रीन एनर्जी स्टेट बनाने का संकल्प

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अपने पहले बजट भाषण में हिमाचल प्रदेश को 31 मार्च, 2026 तक ग्रीन एनर्जी स्टेट बनाने का संकल्प भी लिया। इसके तहत निजी इलैक्ट्रिक वाहनों की खरीद पर बाकायदा 50 फीसदी सबसिडी दी जाएगी, साथ ही सोलर एनर्जी के क्षेत्र में भविष्य देखने वाले युवाओं के लिए भी 40 फीसदी सबसिडी का प्रावधान किया।

### खराब वित्तीय हालात के बीच प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की पहल

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गंभीर वित्तीय संकट के दौर से गुजर रहे हिमाचल प्रदेश को भविष्य में आत्मनिर्भर बनाने की बात भी कही। उनका कहना था कि आगामी 4 साल में इसके परिणाम सामने आएंगे और 10 साल के भीतर राज्य आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ेगा।

# केंद्र से हिमाचल के लिए कोविड वैक्सीन की हो आपूर्ति : शांडिल

**■ केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कोविड-19 की स्थिति व तैयारियों को लेकर वर्चुअल माध्यम से ली समीक्षा बैठक**



*शिमला : कोविड-19 की स्थिति व तैयारियों को लेकर आयोजित वर्चुअल बैठक में भाग लेते स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल। (नि.सं.)*

शिमला, 7 अप्रैल (जस्टा): केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डा. मनसुख एल. मंडाविया ने स्वास्थ्य राज्य मंत्री डा. भारती प्रवीण पवार के साथ शुक्रवार को हिमाचल के स्वास्थ्य मंत्री के साथ कोविड-19 की स्थिति व तैयारियों पर वर्चुअल मोड में समीक्षा बैठक की।

इस दौरान डा. कर्नल धनी राम शांडिल ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से राज्य को कोविड-19 वैक्सीन की आपूर्ति करने के लिए अनुरोध किया, ताकि प्रदेश की जनता को एहतियाती खुराक दी जा सके। स्वास्थ्य मंत्री ने भारत सरकार को राज्य में कोविड-19 की वर्तमान स्थिति से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि दैनिक कोविड-19 परीक्षण लगभग 5000 है और वर्तमान अस्पताल में प्रवेश दर 0.9 प्रतिशत है।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश यह सुनिश्चित करेगा कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार राज्य और जिला स्तर पर कोविड-19 समन्वय और समीक्षा बैठकें नियमित आधार पर आयोजित की जाएं। इस बैठक में हिमाचल के स्वास्थ्य मंत्री डा. कर्नल धनी राम शांडिल सहित स्वास्थ्य विभाग और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अधिकारियों ने भी भाग लिया।

# लुहरी परियोजना में क्षेत्र के युवाओं को प्राथमिकता पर मिले रोजगार : विक्रमादित्य

## रामपुर सर्किट हाऊस में लोक निर्माण विभाग एवं युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने ली अधिकारियों की बैठक

रामपुर बुशहर, 7 अप्रैल (नोगल): लुहरी परियोजना में क्षेत्र के युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार देने करने के निर्देश दिए गए हैं। यह निर्देश लोक निर्माण विभाग एवं युवा सेवाएं एवं खेल राज्य मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने दिए हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार न देने पर वे परियोजना के खिलाफ सड़कों पर बैठने के लिए भी तैयार हैं।

परियोजना का निर्माण क्षेत्र के विकास व क्षेत्रवासियों के हितों के लिए किया जा रहा है। परियोजना प्रभावितों को भूमि अधिग्रहण अधिनियम-2013 के तहत स्थायी रोजगार देने के लिए आवाज उठाई। लोक निर्माण मंत्री एवं युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री ने रामपुर सर्किट हाऊस में क्षेत्र के अधिकारियों के साथ एक बैठक भी आयोजित की। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से 100 करोड़ रुपए की प्रस्तावित टिक्कर-खमाड़ी सड़क पर विस्तृत चर्चा की।



रामपुर बुशहर : लोक निर्माण विभाग एवं राज्य खेल मंत्री विक्रमादित्य सिंह रामपुर में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए। (छाया)

उन्होंने लोक निर्माण विभाग को इस सड़क मार्ग को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि इससे क्षेत्र की 15 पंचायतों के लोगो को सड़क सुविधा मिलेगी।

उन्होंने महात्मा गांधी चिकित्सा संस्थान में ट्रामा सैंटर, राजकीय महाविद्यालय ननखड़ी, दत्तनगर स्पोर्ट्स हॉस्टल, पी.जी. कालेज रामपुर के साइंस भवन और महात्मा गांधी इंजीनियरिंग कालेज के निर्माण कार्य पर गहनता से विचार-विमर्श किया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से इस संदर्भ में सीधा संवाद स्थापित किया। लोक निर्माण मंत्री ने वन विभाग के अधिकारियों को वन अधिकार अधिनियम एवं वन संरक्षण अधिनियम के तहत त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को ननखड़ी, रामपुर की पेयजल परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की और रामपुर शहर की सीवरेज व्यवस्था पर जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने रामपुर विधानसभा क्षेत्र के दुर्गम क्षेत्र पंद्रहबीश में संपर्क मार्गों पर नियमित बस सेवाएं प्रदान करने निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने नाबार्ड की योजनाओं और बस स्टैंड निर्माण की समीक्षा की। राष्ट्रीय राजमार्ग-5 के उचित रखरखाव पर बल दिया। इससे पूर्व स्थानीय विधायक नंद लाल ने बैठक का संचालन किया और रामपुर विधानसभा क्षेत्र की कार्यशील योजनाओं एवं समस्याओं से लोक निर्माण मंत्री को अवगत करवाया।

बैठक में उपमंडलाधिकारी रामपुर निशांत तोमर, मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग सुरेंद्र पाल, डी.एस.पी. रामपुर शिवानी, रामपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सतीश वर्मा, जिला परिषद अध्यक्ष शिमला चंद्रप्रभा नेगी, नगर परिषद अध्यक्ष प्रीति कश्यप और पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष दीपक सूद सहित कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# 2026 तक हिमाचल हरित ऊर्जा राज्य होगा

**हिमाचल** प्रदेश को 31 मार्च, 2026 तक हरित ऊर्जा राज्य के रूप में विकसित करने का मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का संकल्प भारत के अन्य राज्यों के लिए अग्रदूत के रूप में कार्य कर सकता है लेकिन सफलता के प्रमुख तत्व सौर ऊर्जा तथा पन बिजली के दोहन पर टिके रहेंगे जो मिशन के मुख्य घटक है।

हिमाचल हरित ऊर्जा राज्य बनने की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने इसके लिए एक रोड मैप भी तैयार किया है जिसमें एच.आर.पी.सी. के लिए ई-बसें, ई-शूटियों के लिए लड़कियों के लिए सबसिडी, 6 ग्रीन कोरिडोर विकसित करना, नई सौर ऊर्जा योजनाएं शुरू करना, नई पनबिजली परियोजनाओं की शुरूआत करना, दोहरित पंचायतों के लिए पायलट प्रोजैक्ट शुरू करना शामिल है।

एक सौर ऊर्जा आधारित बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली परियोजना, इलैक्ट्रिक वाहनों के लिए आदर्श राज्य, निजी बस और ट्रक आप्रेटरों को बड़ा प्रोत्साहन और वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए विश्व बैंक के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर करना अंतिम स्थिति में है। जानकारों का कहना है कि हिमाचल को अपने लक्ष्य को हासिल करने और पहाड़ी राज्य को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए केंद्र से प्रोत्साहन मिल सकता है।

**क्षेत्रीय संतुलन बनाने का राजनीतिक संदेश :** यह एक स्थापित तथ्य है कि राजनीतिक लाभ लेने के लिए सभी दलों के नेता पुराने और नए क्षेत्रों के मुद्दों का फायदा उठाते रहे हैं। सुक्खू ने कांगड़ा जिले को हिमाचल प्रदेश की पर्यटन राजधानी घोषित करने के लिए विचार की शुरूआत की है जिसका उद्देश्य अन्य लोकप्रिय पर्यटन स्थलों पर भीड को कम करना है इसलिए निकट भविष्य में एक व्यापक योजना तैयार की जाएगी।

राजनीतिक पंडितों का मानना है कि कांगड़ा जिले में इन परियोजनाओं के लिए बजट का आबंटन नई सरकार की राज्य में एक समान विकास मॉडल को बढ़ावा देने के इरादे को साबित करने की सोची-समझी रणनीति को दर्शाता है।



**के.एस. तोमर**

नई बागवानी नीति से फल उत्पादकों की शिकायतों का समाधान होगा। कुछ भाजपा नेताओं ने स्वीकार किया है कि नवम्बर 2022 के विधानसभा चुनावों के दौरान शिमला, कुल्लू, मनाली, किन्नौर, कांगड़ा आदि में बडे नुकसान के लिए बागवानों और अन्य फल उत्पादकों की उपेक्षा करना एक बडी भूल थी।

मुख्यमंत्री ने बागवानी की जिम्मेदारी जगत सिंह नेगी को दी है जो आदिवासी जिले से संबंध रखते हैं और पिछली जयराम सरकार के विपरीत बागवानों की समस्या से अच्छी तरह से वाकिफ है, जिन्हें उत्पादकों के प्रकोप का सामना करना पड़ा था।

**बजट का मानवीय चेहरा :** मुख्यमंत्री सुक्खू ने पदभार ग्रहण करते ही अपनी मानसिकता का परिचय दिया था और समाज के अनाथ व असहाय उत्थान के लिए 101 करोड़ रुपए की घोषणा की थी जिसे बजट में व्यावहारिक रूप दिया गया है।



बजट की भावनात्मक विशेषताओं में से एक अनाथ, अर्द्ध-अनाथ और विशेष रूप से विकलांगों से संबंधित है जिन्हें राज्य के बच्चों के रूप में अपनाया जाएगा जो 'सरकार ही माता सरकार ही पिता' के सिद्धांत के तहत किया जाएगा। इस योजना को 'मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना' के नाम से जाना जाएगा। सरकार पाकेट मनी के रूप में 4000 रुपए प्रदान करेगी और समाज के विशेषाधिकार प्राप्त बच्चों की तरह उन्हें भ्रमण पर ले जाएगी जो हवाई यात्रा करने और स्टार होटलों में रहने के हकदार होंगे।

सी.एम. ने 13 सामाजिक कल्याण योजनाओं के लिए भी आबंटन किया है जिसे उनके बजट को मानवीय चेहरा देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता के रूप में देखा जा सकता है। 2,31,000 से अधिक महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपए मिलने शुरू हो जाएंगे।

इससे राज्य के खजाने से 416 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। ये चुनावी वायदे का पहला चरण है और शेष पात्र महिलाओं को आगामी वार्षिक बजट में शामिल किया जाएगा। मुख्यमंत्री विधवा एवं अकाल नारी आवास योजना के तहत 7000 एकल महिलाओं और विधवाओं को पानी और बिजली की सुविधा के अलावा घरों के निर्माण के लिए प्रत्येक को डेढ़ लाख रुपए की वित्तीय सहायता मिलेगी जिससे उनमें अपनेपन की भावना पैदा होगी।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अपना पहला बजट 53,413 करोड रुपए का पेश किया है जो उनके पूर्ववर्ती भाजपा के पिछले बजटों से थोड़ा अलग है क्योंकि इसे 'मानवीय चेहरा' मिला है और आबंटन मुख्य रूप से सामाजिक कल्याण परियोजनाओं और योजनाओं के इर्द-गिर्द घूमता है। अनाथ, गरीब महिलाएं, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, बेरोजगार युवा, छोटे व्यापारी आदि लोगों का विशेष ध्यान इस बजट में रखा गया है।

kstomar7@gmail.com

# सी.एम. की सोच से युवाओं के लिए सृजित होंगे स्वरोजगार के अवसर

**नरेश चौहान बोले–राजीव गांधी स्वरोजगार योजना में डैंटल क्लीनिक में मशीनरी एवं औजार तथा मत्स्य इकाइयां होंगी सम्मिलित**

शिमला, 7 अप्रैल (राक्टा): प्रदेश सरकार युवाओं को स्वरोजगार के माध्यम से स्वावलंबी एवं आर्थिक तौर पर सशक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू की नई सोच से युवाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसर सृजित करने पर विशेष बल दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार मीडिया नरेश चौहान ने जारी प्रैस बयान में यह बात कही। उन्होंने कहा कि औद्योगिक निवेश के अतिरिक्त मत्स्य पालन, सौर ऊर्जा और ई-वाहन जैसे तेजी से उभरते नवीन क्षेत्रों में युवाओं को प्रोत्साहन के लिए सरकार ने कई सार्थक कदम उठाए हैं।



कांग्रेस सरकार की युवाओं की स्वरोजगार एवं स्टार्टअप सहायता प्रदान करने की गारंटी को साकार करने के लिए सी.एम. ने एक नई राजीव गांधी स्वरोजगार योजना की घोषणा की है। इस योजना के अंतर्गत विभिन्न उद्यमों के साथ-साथ डैंटल क्लीनिक में मशीनरी एवं औजार, मत्स्य इकाइयों, ई-टैक्सी तथा 1 मैगावाट तक की सौर ऊर्जा परियोजनाएं सम्मिलित की जाएंगी। नरेश चौहान ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को उनकी अपनी अथवा लीज पर ली गई भूमि पर 250 किलोवाट से 2 मैगावाट तक की सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित करने के लिए 40 प्रतिशत अनुदान सहित अनुमति दी जाएगी। इन परियोजनाओं से उत्पन्न बिजली की खरीद राज्य विद्युत बोर्ड द्वारा की जाएगी।

## 120 नई ट्राऊट इकाइयों का होगा निर्माण

नरेश चौहान ने कहा कि आर्थिकी को सुदृढ़ करने तथा युवाओं को प्रोत्साहन के दृष्टिगत 120 नई ट्राऊट इकाइयों का निर्माण किया जाएगा। प्रदेश में बैकयार्ड फिश फार्मिंग व केज कल्चर इत्यादि नई तकनीकों के माध्यम से युवाओं को मत्स्य पालन में आय बढ़ाने के अवसर प्रदान किए जाएंगे।

## व्यवस्थाओं में किया जा रहा आवश्यक बदलाव

चौहान ने कहा कि हिमाचल को निवेश मित्र राज्य के रूप में स्थापित करने के लिए व्यवस्थाओं में आवश्यक बदलाव किया जा रहा है। निवेश आने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। इसके तहत मुख्यमंत्री रोजगार संकल्प सेवा से प्रदेश के दूरदराज क्षेत्रों के युवाओं को राज्य, राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध रोजगार अवसरों से जोड़ा जाएगा।

# बागवानी मंत्रालय के अधीन लाया जाए हिमाचल राज्य विपणन बोर्ड

**बागवानों ने सरकार से की मांग, नीतिगत निर्णय लेने व उनके कार्यान्वयन में हो रही परेशानी**

शिमला, 7 अप्रैल (भूपिन्द्र): हिमाचल प्रदेश में राज्य विपणन बोर्ड को बागवानी मंत्रालय के अधीन लाने की मांग उठने लगी है। बागवानों ने राज्य सरकार से इसे लेकर मांग की है तथा जल्द ही बागवानी संगठन अपनी इस मांग को लेकर सी.एम. व बागवानी मंत्री से मिल सकते हैं। वर्तमान में राज्य विपणन बोर्ड कृषि मंत्रालय के अधीन है। इससे बागवानी से संबंधित नीतिगत निर्णय व उनके कार्यान्वयन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, क्योंकि यदि बागवानी से संबंधित फैसला लेना होता है तो इसके लिए पहले कृषि विभाग से अनुमति लेनी होती है।

इसके अलावा राज्य में फल व सब्जियों का अधिक मात्रा में उत्पादन होता है। यदि प्रदेश को फल राज्य बनाना है तो इस दिशा में राज्य सरकार फैसला ले सकती है। जानकारी है कि विभागीय व सरकार के स्तर पर इसे लेकर मंथन भी चल रहा है। इसी के साथ विभिन्न बागवानी संगठनों ने सरकार से जल्द से जल्द इस दिशा में प्रभावी कदम उठाने का आग्रह किया है।

**बागवानी को बढ़ावा देने के लिए संरचनात्मक परिवर्तन की आवश्यकता**

प्लम ग्रोवर एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक सिंघा ने कहा कि राज्य में बागवानी को बढ़ावा देने के लिए संरचनात्मक परिवर्तन (स्ट्रक्चरल चेंज) की जरूरत है। इसके लिए बागवानी तथा बागवानी उत्पाद के विपणन को बागवानी मंत्रालय के अधीन लाया जाए। इससे बागवानों को लाभ होगा।

## निर्णय लेने में होती है मुश्किल: हरीष

संयुक्त किसान मंच के संयोजक हरीष चौहान ने कहा कि बागवानी से संबंधित ए.पी.एम.सी. एक्ट को लेकर कृषि विभाग से अनुमति लेनी पड़ती है। ऐसे में निर्णय लेने में मुश्किल होती है। उन्होंने कहा कि राज्य में ए.पी.एम.सी. को सबसे अधिक आय सेब व अन्य फलों से होती है, जबकि यह कई स्थानों पर खर्च होता है। कई बार बागवानी व कृषि मंत्रियों में आपसी नीतिगत मतभेद होने से भी असमंजस जैसी स्थिति होती है।

## नीतिगत निर्णय में होगी आसानी: बिष्ट

प्रोग्रैसिव ग्रोवर एसोसिएशन के अध्यक्ष लोकेंद्र बिष्ट ने कहा कि यदि विपणन बोर्ड को बागवानी मंत्रालय के अधीन लाया जाए तो नीतिगत निर्णय लेने में आसानी होगी, क्योंकि कई बार बागवानी व कृषि मंत्रालय के बीच अनबन हो जाती है, जिसका खमियाजा बागवानों को उठाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि राज्य में फल व सब्जियां अधिक होती हैं तथा कृषि बहुत कम होती है।

# युवा कांग्रेस से भारमुक्त किए पदाधिकारियों ने रखा पक्ष

**राजीव भवन में हुई युवा कांग्रेस की बैठक, प्रदेश प्रभारी अमरप्रीत लाली सहित अन्य पदाधिकारी रहे मौजूद**

शिमला, 7 अप्रैल (राक्टा): हिमाचल युवा कांग्रेस की एक अहम बैठक शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय राजीव भवन शिमला में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश प्रभारी अमरप्रीत लाली ने की। इस मौके पर बीते दिनों दिल्ली में हुए संगठन के प्रदर्शन में शामिल न होने पर भारमुक्त किए गए पदाधिकारियों ने भी बारी-बारी अपना पक्ष प्रदेश प्रभारी के समक्ष रखा।

ऐसे में अब कितने पदाधिकारियों को फिर से जिम्मेदारी देते हुए राहत प्रदान की जाएगी, इस पर शनिवार को औपचारिक घोषणा की जाएगी। इसके साथ ही भारमुक्त किए गए जो पदाधिकारी शुक्रवार को हुई बैठक में भी अनुपस्थित रहे हैं, उन्हें निलंबित किया जाएगा। सूचना के अनुसार करीब 70 पदाधिकारियों ने अपना पक्ष रखा, जबकि अन्य अनुपस्थित रहे। गौर हो कि दिल्ली में हुए प्रदर्शन में शामिल न होने के चलते हाईकमान ने प्रदेश युवा कांग्रेस के 122 पदाधिकारियों को संगठन के पदों से भारमुक्त कर दिया था। संगठन की इस कार्रवाई से पार्टी पदाधिकारियों में हड़कंप मच गया था। इसके साथ ही संगठन ने सभी का पक्ष सुनने का निर्णय लिया। इसी कड़ी में प्रदेश प्रभारी ने शुक्रवार को राजीव भवन में पदाधिकारियों का पक्ष सुना।




*शिमला : राजीव भवन में आयोजित युवा कांग्रेस की बैठक को संबोधित करते प्रदेशाध्यक्ष निगम भंडारी।* (नरेश)

## नगर निगम चुनाव पर भी बनी रणनीति

बैठक में शिमला नगर निगम चुनाव को लेकर भी रणनीति तैयार की गई। इसके तहत शनिवार को सभी पदाधिकारियों को एम.सी. चुनाव को लेकर जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। बैठक में युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष निगम भंडारी के साथ ही यदोपति ठाकुर व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## बैठक में न आने वाले निष्कासित होंगे: भंडारी

युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष निगम भंडारी ने कहा कि शुक्रवार को राजीव भवन में हुई बैठक में संगठन से भारमुक्त किए गए पदाधिकारियों ने भी प्रदेश प्रभारी के समक्ष अपना पक्ष रखा है। उन्होंने कहा कि जो पदाधिकारी भारमुक्त किए गए हैं और शुक्रवार को हुई बैठक में शामिल नहीं हुए हैं, उन्हें निष्कासित किया जाएगा।

# एच.पी.यू. के दीक्षांत समारोह में एक घंटा मौजूद रहेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

## दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

शिमला, 7 अप्रैल (अभिषेक): हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय (एच.पी.यू.) के 26वें दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मौजूद रहेंगी। आगामी 19 अप्रैल को होने वाले दीक्षांत समारोह का कार्यक्रम तय कर लिया गया है। कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रपति 3.20 से 4.20 बजे तक समारोह में शामिल होंगी। इस दौरान वह विश्वविद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करेंगी। हालांकि समारोह में 101 स्वर्ण पदक व 99 पीएच.डी. की उपाधि प्रदान कर मेधावी सम्मानित किए जाएंगे, लेकिन सूत्रों के अनुसार राष्ट्रपति केवल स्वर्ण पदक विजेताओं को ही सम्मानित करेंगी।

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने दीक्षांत समारोह की तैयारियां शुरू कर दी है। शुक्रवार को विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह को लेकर बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने की।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति का दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्यातिथि आने का कार्यक्रम तय हो गया है। समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल करेंगे, जबकि अति विशिष्ट अतिथि के रूप में हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह उपस्थित होंगे। इसके अलावा उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर समारोह में उपस्थित रहेंगे।

कुलपति प्रो. बंसल ने कहा कि यह समस्त विश्वविद्यालय के लिए हर्ष का विषय है कि राष्ट्रपति विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। उन्होंने बताया कि समारोह से संबंधित तैयारियों को लेकर समितियां गठित कर ली गई हैं। इसी संदर्भ में समितियों के समन्वयकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी समितियों के समन्वयकों को दिशा-निर्देश दिए गए कि निश्चित समय पर सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं।

### दीक्षांत समारोह में 128 लड़कियां और 72 लड़के होंगे सम्मानित

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में सत्र 2018-19 के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। इसमें 71 लड़कियां और 30 लड़के स्वर्ण पदक से सम्मानित होंगे, जबकि 57 लड़कियों व 42 लड़कों को पीएच.डी. डिग्री की उपाधि से सम्मानित किया जाएगा। कुल मिलाकर दीक्षांत समारोह में 128 लड़कियां और 72 लड़के सम्मानित होंगे।

# पुरानी पैंशन योजना की समीक्षा करने को मजबूर हुई केंद्र सरकार

- राज्यों के साथ चर्चा करेगी केंद्रीय वित्त सचिव की अध्यक्षता में 4 सदस्यीय समिति
- समिति की सिफारिशों पर अमल होने के बाद प्रदेश स्तर पर फिर हो सकती है समीक्षा



शिमला, 7 अप्रैल (कुलदीप): हिमाचल प्रदेश की सत्ता गंवाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार नैशनल पैंशन स्कीम (एन.पी.एस.) की समीक्षा करने के लिए मजबूर हुई है। इसके लिए केंद्रीय वित्त सचिव की अध्यक्षता में 4 सदस्यीय समिति में केंद्रीय सचिव कार्मिक, केंद्रीय विशेष सचिव कार्मिक और पैंशन फंड रैगुलेटरी एंड डिवैल्पमैंट अथॉरिटी के अध्यक्ष (पी.एफ.आर.डी.ए.) सदस्य बनाए गए हैं।

समिति इस बारे राज्य सरकारों से भी विचार-विमर्श करेगी। ऐसे में समिति की सिफारिशें सामने आने पर प्रदेश स्तर पर भी इसकी समीक्षा हो सकती है। हालांकि हिमाचल प्रदेश में 1 अप्रैल, 2023 से पुरानी पैंशन योजना को लागू करने का निर्णय लिया जा चुका है, जिसकी एस.ओ.पी. को अंतिम रूप दे दिया गया है। शिमला नगर निगम के चुनाव को ध्यान में रखते हुए इसे लागू करने की राज्य चुनाव आयोग से अनुमति ली जाएगी।

### हिमाचल सहित कांग्रेस शासित राज्यों व पंजाब में ओ.पी.एस. लागू

हिमाचल प्रदेश के अलावा इस समय कांग्रेस शासित राज्यों एवं पंजाब में पुरानी पैंशन योजना (ओ.पी.एस.) को लागू करने का निर्णय लिया जा चुका है। इसके दायरे में राज्य के 1.36 लाख एन.पी.एस. कर्मचारी आएंगे। ऐसे कर्मचारियों की इस माह से एन.पी.एस. की राशि कटनी बंद हो जाएगी, साथ ही जी.पी.एफ. के खातों को खोला जाएगा। हालांकि केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश में एन.पी.एस. कर्मचारियों के हिस्से की 8,000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि को लौटाने से फिलहाल इंकार किया है। इसके बावजूद राज्य सरकार ने ओ.पी.एस. लागू करने के लिए अलग से बजट का प्रावधान किया है।

### लोकसभा चुनाव में भी बनेगा मुद्दा

विधानसभा चुनाव की तरह लोकसभा चुनाव में भी पुरानी पैंशन बहाली प्रमुख मुद्दा बनेगा। कांग्रेस इसे भुनाने की पूरी कोशिश करेगी। ऐसे में केंद्रीय स्तर पर कमेटी का गठन होने से भाजपा को कुछ हद तक राहत मिल सकती है। हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा के सत्ता से बाहर होने का प्रमुख कारण एन.पी.एस. ही रहा है।

37

ाब केसरी

# शिक्षा विभाग में जारी रहेगी मल्टी टास्क वर्कर्स की भर्ती

**■ पूर्व सरकार द्वारा तय नियम और शर्तों के आधार पर होगी भर्ती**

शिमला, 7 अप्रैल (प्रीति): सरकारी स्कूलों में मल्टी टास्क वर्कर्स की भर्ती जारी रहेगी। पूर्व सरकार द्वारा तय किए गए नियम और शर्तों के आधार पर ही यह भर्ती होगी। जिन स्कूलों में मल्टी टास्क वर्कर्स के पद खाली हैं, वहां पर नियमों के आधार पर इन पदों को भरा जाएगा। प्रदेश सरकार पूर्व सरकार के इस फैसले को जारी रखेगी।

ऐसे में लोक निर्माण विभाग व जल शक्ति विभाग में भी उक्त खाली पद भरें जाएंगे। गौर हो कि कई सरकारी स्कूलों में अभी भी मल्टी टास्क वर्कर्स के पद खाली हैं। इस भर्ती में पुराने नियमों के तहत स्कूल से घर की दूरी डेढ़ किलोमीटर ही रहेगी। घर से स्कूल की दूरी, शैक्षणिक योग्यता और आरक्षण आधार पर कुल 30 नंबरों से वर्कर्स का चयन किया जाएगा। एस.डी.एम. की अध्यक्षता वाली कमेटी इसका चयन करेगी। बी.ई.ई.ओ. के पास सादे कागज पर आवेदन किया जा सकेगा। वर्कर्स के घर से स्कूल की दूरी के आधार पर 10 नंबर होंगे। 2 किलोमीटर के दायरे पर 8, 3 किलोमीटर पर 6, 4 किलोमीटर पर 4 और 5 किलोमीटर की दूरी पर 2 नंबर मिलेंगे। इसके अलावा 5वीं कक्षा पास होने पर 5 नंबर, 8वीं पास को 8 नंबर मिलेंगे।

विधवा या पति से अलग रहने वाली महिला को 3 नंबर मिलेंगे। स्कूल को भूमि देने वाले परिवार के सदस्य को 3 नंबर दिए जाएंगे। इसके अलावा एस.सी., एस.टी व ओ.बी.सी. को प्राथमिकता दी जाएगी। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि मल्टी टास्क वर्कर्स के पदों को भरने की प्रक्रिया जारी रहेगी। तय नियमों के तहत ही यह भर्ती होगी।

## टौणी देवी में खुलेगा डिग्री कालेज

जिला हमीरपुर के टौणी देवी में नया डिग्री कालेज खोलने की तैयारी की जा रही है। इसे लेकर हमीरपुर डिग्री कालेज के प्रधानाचार्य ने शिक्षा विभाग को फिजिबिलिटी रिपोर्ट भेज दी है। ऐसे में अब शिक्षा विभाग ने इस रिपोर्ट को सरकार को भेज दिया है। कालेज को खोलने का अंतिम फैसला सरकार स्तर पर लिया जाएगा। इस शैक्षणिक सत्र में टौणी देवी में यह डिग्री कालेज खुलेगा।

पंजाब केसरी

38

### शिमला नगर निगम चुनाव : सभी दल इंतजार में

# हाईकोर्ट के निर्णय के बाद सभी प्रत्याशियों की सूची जारी करेंगे

## भाजपा, कांग्रेस व माकपा का प्रत्याशी चयन पर मंथन शुरू, आप की बैठक आज व कल

शिमला, 7 अप्रैल (कुलदीप): नगर निगम शिमला के चुनाव को लेकर हाईकोर्ट का निर्णय आने के बाद राजनीतिक दलों की तरफ से प्रत्याशियों की सूची जारी करने का सिलसिला शुरू होगा। हाईकोर्ट में इस मामले को लेकर 10 अप्रैल को सुनवाई होनी है।

अब तक भाजपा, कांग्रेस और माकपा ने प्रत्याशियों के चयन को लेकर मंथन शुरू कर दिया है तथा आम आदमी पार्टी 8 व 9 अप्रैल को इसको लेकर बैठक करेगी। भाजपा की तरफ से शुक्रवार को नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें चुनाव मैदान में उतारे जाने वाले प्रत्याशियों के नामों पर चर्चा हुई। भाजपा में इस समय 1 वार्ड से 2 से 4 दावेदार सामने आ रहे हैं, जिस पर पार्टी जिताऊ प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारेगी। *(शेष पृष्ठ 2 कालम 1 पर)*

### 10 व 11 अप्रैल को कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक

कांग्रेस में भी बैठकों का दौर जारी है। पार्टी ने 10 व 11 अप्रैल को स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक बुलाई है, जिसकी अध्यक्षता ए.आई.सी.सी. सचिव एवं पर्यवेक्षक तेजेंद्र पाल बिट्टू करेंगे। कांग्रेस में अब तक अलग-अलग वार्डों से 65 से 70 लोगों ने अपनी दावेदारी जताई है।

### माकपा-आप की रणनीति

माकपा द्वारा भी वार्ड स्तर पर रणनीति तैयार की जा रही है तथा पार्टी ने सबसे पहले प्रत्याशियों के नाम की सूची जारी करने की बात कही है। उधर, आम आदमी पार्टी के प्रभारी गोल्डी कंबोज की अध्यक्षता में 8 व 9 अप्रैल को बैठक होनी है। राजनीतिक दल चुनावी रणनीति को तय करने के अलावा फर्जी वोट बनाए जाने को लेकर भी एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं, जिसकी शिकायत चुनाव आयोग से की जाने की संभावना है।

### आज कार्यकर्ताओं संग बैठक करेंगे मंत्री विक्रमादित्य

उधर, कांग्रेस 34 वार्डों में अपने प्रत्याशियों की चयन प्रक्रिया में जुट गई है। इसी के तहत शनिवार को जिला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शिमला ग्रामीण की ओर से 4 वार्डों टुट्टू, मज्याठ, बालूगंज और कच्चीघाटी में अपने उम्मीदवार के चयन को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक बुलाई गई है। बैठक की अध्यक्षता लोक निर्माण मंत्री एवं शिमला ग्रामीण से विधायक विक्रमादित्य सिंह करेंगे। मौजूदा समय में ग्रामीण के इन 4 वार्डों में से 3 वार्डों में भाजपा का कब्जा है। केवल मज्याठ वार्ड में ही कांग्रेस के पार्षद चुनकर आए थे।

### हाईकोर्ट के निर्णय...

भाजपा के सह मीडिया प्रभारी करण नंदा ने कहा कि भाजपा नगर निगम चुनावों के लिए पूर्ण रूप से तैयार है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास एक सशक्त नेतृत्व है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इन चुनावों को जीतने के लिए हर प्रकार के हथकंडे अपना रही है।

पार्टी सभी 34 वार्डों में मोर्चा बनाकर चुनाव लड़ेगी। जिन वार्डों में माकपा अपने प्रत्याशी नहीं उतारेगी, वहां पर लाइक माइंडेड प्रत्याशियों के साथ गठबंधन होगा। इसमें सेवानिवृत्त और कुछ कारोबारी चुनाव मैदान में उतरेंगे। -संजय चौहान, माकपा

10 व 11 अप्रैल को पर्यवेक्षक तेजेंद्र पाल बिट्टू की अध्यक्षता में स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक होगी, जिसके बाद प्रत्याशियों की सूची हाईकमान को भेजी जाएगी। हाईकमान की तरफ से 11 से 13 अप्रैल तक प्रत्याशियों के नाम फाइनल कर दिए जाएंगे। -यशवंत छाजटा

आम आदमी पार्टी की 8 व 9 अप्रैल को बैठक होगी। इसमें पार्टी प्रत्याशियों के चयन सहित चुनावी रणनीति तैयार करने को लेकर मंथन किया जाएगा। पार्टी योग्य एवं ईमानदार प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारेगी। -सुरजीत ठाकुर, प्रदेशाध्यक्ष आप

भाजपा फिर से निगम की सत्ता पर काबिज होगी। भाजपा साल में 365 दिन काम करने वाली और जनता के हितों के लिए लड़ाई लड़ने वाली पार्टी है। सत्तारूढ़ कांग्रेस दल गलत तरीके से नगर निगम की सत्ता पर अपना कब्जा करना चाहता है। -सुखराम चौधरी, भाजपा

दिव्य हिमाचल

0 8 APR 2023



# सुक्खू सरकार की नई सोच बनाएगी आत्मनिर्भर

## प्रदेश भर के बेरोजगार युवाओं के लिए स्वरोजगार पर दिया जा रहा जोर

स्टाफ रिपोर्टर-शिमला



सरकार युवाओं को स्वरोजगार के माध्यम से स्वावलंबी एवं आर्थिक तौर पर सशक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू की नई सोच से युवाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसर सृजित करने पर विशेष बल दिया जा रहा है।

औद्योगिक निवेश के अतिरिक्त मत्स्य पालन, सौर ऊर्जा और ई-वाहन जैसे तेजी से उभरते नवीन क्षेत्रों में युवाओं को प्रोत्साहन के लिए सरकार ने कई सार्थक कदम उठाए हैं। युवाओं को स्वरोजगार एवं स्टार्टअप सहायता प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने एक नई 'राजीव गांधी स्वरोजगार योजना' की घोषणा की है। इस योजना के तहत विभिन्न उद्यमों के साथ-साथ डैंटल क्लीनिक में मशीनरी एवं औजार, मत्स्य इकाइयों, ई-टैक्सी तथा एक मेगावाट तक की सौर ऊर्जा परियोजनाएं सम्मिलित की जाएंगी। नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में हिमाचल एक सशक्त एवं पर्यावरण हितैषी नीति को आगे बढ़ा रहा है। प्रदेश के युवाओं को उनकी अपनी अथवा लीज पर ली गई भूमि पर 250 किलोवाट से दो मेगावाट तक की सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित करने के लिए 40 प्रतिशत अनुदान सहित अनुमति दी जाएगी। इन परियोजनाओं से उत्पन्न बिजली की खरीद राज्य विद्युत बोर्ड द्वारा की जाएगी। ई-वाहन क्षेत्र में युवाओं की भागीदारी बनाने के दृष्टिगत निजी बस एवं ट्रक आपरेटरों को ई-बस व ई-ट्रक की खरीद पर 50 प्रतिशत की दर से अधिकतम 50 लाख रुपए का उपदान दिया जाएगा। ई-टैक्सी पर 50 प्रतिशत करने की भी घोषणा की है।

### 120 नई ट्राउट इकाइयों का होगा निर्माण

हिमाचल के जलाशयों एवं नदियों को ऊर्जा उत्पादन, जलापूर्ति आवश्यकताओं से एक कदम आगे बढ़ते हुए मत्स्य पालन के माध्यम से स्वरोजगार का उपक्रम बनाने के सशक्त प्रयास भी इस बजट में नजर आते हैं। युवाओं को प्रोत्साहन के दृष्टिगत मछली पालन के लिए तालाब निर्माण पर 80 प्रतिशत उपदान की घोषणा की गई है। इस क्षेत्र में 120 नई ट्राउट इकाइयों का निर्माण किया जाएगा।

# अनाथ बच्चों की 'माता-पिता' होगी सरकार

## सुखाश्रय योजना के तहत बच्चों का भविष्य संवारने का होगा प्रयास



स्टाफ रिपोर्टर — शिमला

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद ही प्रदेश में लंबे समय से उपेक्षित मुद्दे को हल करने के लिए कई महत्त्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इसी कड़ी में हिमाचल प्रदेश सुख-आश्रय (बच्चों की देखभाल, संरक्षण और आत्मनिर्भरता) विधेयक, 2023 को विधानसभा में पारित करके कानूनी रूप में अनाथ बच्चों का भविष्य सुनिश्चित किया है। इस विधेयक से अनाथ और निराश्रित बच्चों को जहां बेहतर सुविधाएं मिल पाएंगी, वहीं उन्हें अपने भविष्य की नींव को मजबूत करने में सहायता मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुख-आश्रय (बच्चों की देखभाल, संरक्षण और आत्मनिर्भरता) विधेयक, 2023 के लागू होने से राज्य के 6000 निराश्रित बच्चों, जिन्हें अब 'चिल्ड्रन ऑफ स्टेट' के रूप में अपनाया गया है, के लिए प्रदेश सरकार ही माता और पिता हैं। इस विधेयक का उद्देश्य अनाथ, निराश्रित और दिव्यांग बच्चों को उचित देखभाल, सुरक्षा, विकास और आत्मनिर्भरता प्रदान करना है। इसमें चाइल्ड केयर और आफ्टर केयर संस्थानों में रहने वाले बच्चों को वस्त्र और उत्सव अनुदान प्रदान करने का प्रावधान भी किया गया है। साथ ही बच्चों को राज्य के भीतर और अन्य राज्यों में वार्षिक शैक्षणिक भ्रमण का अवसर भी प्राप्त होगा। इसके अतिरिक्त प्रत्येक बच्चे के लिए आवर्ती जमा खाते खोले जाएंगे, जिनमें राज्य सरकार योगदान देगी। इसके अलावा भी उनकी मदद करती रहेगी।

### स्टार्ट-अप शुरू करने में भी मदद करेगी प्रदेश सरकार

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार इन बच्चों को 27 वर्ष की आयु तक उच्च शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण, कौशल विकास और कोचिंग प्रदान करने के लिए आवश्यक सहायता प्रदान करेगी। उच्च शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण, कौशल विकास और कोचिंग की अवधि के दौरान भी उनके व्यक्तिगत खर्चों को पूरा करने के लिए स्टाइपेंड प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बिल में जो बच्चे 18 वर्ष की आयु के बाद अपना स्टार्ट-अप स्थापित करना चाहते हैं, उनको प्रदेश सरकार वित्तीय सहायता प्रदान करने के अलावा भूमिहीन अनाथों और निराश्रितों को तीन बिस्वा भूमि आवंटन व आवास अनुदान का भी प्रावधान है।

दिव्य हिमाचल 08 APR 2023

40

# अब दीपक सानन कमेटी बनाएगी नई भर्ती एजेंसी



राज्य ब्यूरो प्रमुख — शिमला

- लोक सेवा आयोग पूर्व अध्यक्ष सग इंडियन कोस्ट गार्ड के रिटायर अफसर होंगे मेंबर
- कमेटी को भारत सरकार की भर्ती एजेंसियों के मॉडल परखने के भी निर्देश
- कमेटी को दिया तीन महीने का समय, हमीरपुर मे ही होगा एजेंसी का मुख्यालय

पूर्व आईएएस अधिकारी दीपक सानन की अध्यक्षता में राज्य सरकार ने नई भर्ती एजेंसी बनाने को लेकर कमेटी का गठन किया है। मुख्य सचिव की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार दीपक सानन इस कमेटी में चेयरपर्सन होंगे, जबकि पूर्व आईपीएस अधिकारी और लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष अजय शर्मा के साथ इंडियन कोस्ट गार्ड के रिटायर डिप्टी डायरेक्टर जनरल देवराज शर्मा को कमेटी में मेंबर लगाया गया है। इस कमेटी के सदस्य सचिव आईटी विभाग के निदेशक होंगे और सभी तरह की बैठकों और अन्य जरूरतों का इंतजाम भी वही करेंगे। नई भर्ती एजेंसी का मुख्यालय हमीरपुर में ही होगा और इसे बनाने के लिए तीन महीने का वक्त इस कमेटी को दिया गया है। राज्य सरकार के आदेशों के अनुसार इस कमेटी को कहा गया है कि वह हमीरपुर कर्मचारी चयन आयोग की वर्किंग और पेपर लीक के मामले को देखते हुए कोई ऐसा मेकेनिज्म राज्य सरकार को बताए, जिसमें इस तरह की घटना दोबारा न हो। नई भर्ती एजेंसी क्लास-3 की भर्तियों के लिए होगी, जो पारदर्शिता के साथ काम करे और जिसमें मानव हस्तक्षेप न्यूनतम हो। इसके लिए इस कमेटी को भारत सरकार की भर्ती एजेंसियों के मॉडल को भी देखने के लिए कहा गया है। कमेटी को सर्विस के दौरान मिलने वाले ट्रैवलिंग एलाउंस के अनुसार ही भुगतान होगा। नई भर्ती एजेंसी में इस कमेटी को कुछ जरूरी बातें सुनिश्चित करनी होंगी, जैसे इसकी फंक्शनिंग पारदर्शी तरीके की हो, इसकी इंटीग्रिटी और सिलेक्शन प्रोसेस पर लोगों का भरोसा हो और यह कॉस्ट इफेक्टिव हो। गौरतलब है कि हमीरपुर कर्मचारी चयन आयोग को भंग करने के बाद क्लास थ्री की भर्तियां फिलहाल लोक सेवा आयोग को दी गई हैं और वहां से भर्ती की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जब नई भर्ती एजेंसी आ जाएगी, तो लोक सेवा आयोग से यह काम वापस लेकर नई एजेंसी को दिया जाएगा। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि जिन पोस्ट कोड में एग्जाम हो चुका है, उनका रिजल्ट कौन घोषित करेगा? खासकर उन परीक्षाओं का जिनमें विजिलेंस जांच भी नहीं है।

# राहुल गांधी के समर्थन में शिमला में निकली युकां की मशाल यात्रा



स्टाफ रिपोर्टर — शिमला

- यात्रा मे मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू भी हुए शामिल

भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास के नेतृत्व में युवा कांग्रेस हिमाचल प्रदेश द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी के समर्थन में एवं लोकतंत्र को बचाने हेतु विशाल मशाल जलूस निकाला गया। केंद्र सरकार द्वारा लगातार लोकतंत्र की हत्या की जा रही और अडानी के महाघोटाले को छिपाने का काम किया जा रहा है। इस मशाल यात्रा में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राजभवन तक पैदल मार्च किया। केंद्र पर वार करते हुए श्रीनिवास ने कहा कि देश की जनता मोदी सरकार को लोकतंत्र को मिटाने वाले शासक के रूप में याद करेगी, क्योंकि भाजपा सरकार विपक्ष को ईडी, सीबीआई जैसे सरकारी संस्थाओं का दुरुपयोग करके डराने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार कांग्रेस नेता राहुल गांधी की बढ़ती लोकप्रियता से डर गई है। जिस प्रकार से राहुल गांधी ने लगातार सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ आवाज उठाई और अभी हाल ही में संपन्न हुई भारत जोड़ो यात्रा मे जो आम जनता का समर्थन राहुल गांधी को मिला है, उससे भाजपा के पांव तले से जमीन खिसक गई है। पूरा देश जानता है कि कैसे आज अदानी के घोटाले को लेकर विश्व भर में चर्चा हो रही है। न्यायपालिका पर भी सरकार दबाव बनाए हुए है। उन्होंने कहा युवा कांग्रेस केंद्र सरकार को आगाह करती है कि आप संसद में माइक बंद कर सकते हैं, पूरी संसद को म्यूट कर सकते हैं, पर युवाओं की आवाज को आप नहीं दबा पाएंगे। मोदी सरकार के द्वारा जिस प्रकार से लोकतंत्र की हत्या की जा रही, उसी लोकतंत्र को बचाने के लिए युवा कांग्रेस सड़कों पर उतर चुकी है। इस मौके पर प्रदेश प्रभारी अमरप्रीत लाली सहप्रभारी विनीत कंबोज, प्रदेश अध्यक्ष निगम भंडारी, सहप्रभारी योगेश हांडा, यदुपति ठाकुर मौजूद रहे। साथ ही प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में हिमाचल प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन शिमला में हुई।

# हिमाचल ने मांगी कोविड वैक्सीन

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री की बैठक में मंत्री धनीराम शांडिल ने रखी डिमांड




दिव्य हिमाचल ब्यूरो–शिमला

हिमाचल सरकार ने केंद्र से कोरोना की स्थिति की समीक्षा के लिए हुई बैठक में वैक्सीन की डिमांड की है। शुक्रवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डा. मनसुख मांडवीया नई दिल्ली में सभी राज्यों के साथ ही बैठक बुलाई थी।

हिमाचल के स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल स्वास्थ्य निदेशक और एनएचएम के एमडी के साथ इस बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के जरिए शामिल हुए। स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने राज्य में कोरोना की स्थिति की जानकारी भी केंद्रीय मंत्री को दी।

इसमें बताया गया कि वर्तमान में हिमाचल में 1935 एक्टिव केस हैं और पिछले हफ्ते का पॉजिटिविटी रेट 6.6 है। हिमाचल में रोज 5000 से ज्यादा सैंपल लिए जा रहे हैं और हास्पिटल में एडमिशन की दर भी एक फीसदी से कम है। इस बैठक में यह भी बताया गया कि राज्य में टेस्टिंग की दर कई राज्यों से अधिक है और स्थिति नियंत्रण में है। साथ ही केंद्रीय मंत्री को यह जानकारी भी दी गई कि हिमाचल में कोरोना की वैक्सीन इस समय नहीं है और लोगों को प्रिकॉशनरी डोज जरूरत है। इसलिए केंद्र सरकार से वैक्सीन जारी करने का आग्रह किया गया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने सभी राज्यों को हॉटस्पॉट की पहचान करने और टेस्टिंग को बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आठ और नौ अप्रैल को सभी जिलों के साथ तैयारियों की समीक्षा के बाद दस और 11 अप्रैल को मॉक ड्रिल करने के निर्देश भी भारत सरकार के हैं। इससे इतना पता चल जाएगा कि कौन सा राज्य कोरोना से लड़ने के लिए कितना तैयार है? गौरतलब है कि हिमाचल समेत किसी भी राज्य में वर्तमान में कोरोना को लेकर कोई बंदिश नहीं है।



- वायरस को लेकर अस्पतालों की व्यवस्था चैक करने के लिए मॉक ड्रिल के निर्देश
- राज्य में अभी कोरोना को लेकर बंदिशे नहीं
- जनता से कोविड नियमों का पालन करने की अपील

# 28 अटल आदर्श स्कूल, बन रहे मात्र 11

## कहीं वित्तीय प्रावधान; तो कहीं भूमि न होना कारण, बच्चों को विद्यालयों में मिलनी है आधुनिक सुविधाएं

स्टाफ रिपोर्टर – शिमला



पिछले तीन सालों में प्रारंभिक शिक्षा विभाग की ओर से अटल आदर्श स्कूलों का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया है। विधानसभा बजट सत्र के दौरान शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तीन सालों में 28 अटल आदर्श स्कूल अधिसूचित किए गए थे, जिसमें से केवल 11 स्कूलों में ही भूमि चयनित हो पाई है, जबकि तीन स्थानों पर निर्माण कार्य जारी है। इसमें अटल आदर्श स्कूल मढ़ी, गुडेहरी और गैहरा शामिल है। विधानसभा में भी शिक्षा मंत्री ने जानकारी दी थी कि मुख्यमंत्री आदर्श विद्या केंद्र योजना को दो अगस्त, 2018 को स्वीकृति प्रदान की गई थी, जिसे 25 अगस्त, 2018 को अटल आदर्श विद्यालय योजना के नाम से अधिसूचित किया गया था। उन्होंने बताया कि 3 दिसंबर, 2018 को अटल विद्यालय योजना का शुभारंभ किया गया था, जिसके तहत पहले चरण में दो मार्च, 2019 को 10 अटल आदर्श विद्यालय खोलने की अधिसूचना जारी की गई थी। इसके तहत पहला अटल आदर्श विद्यालय बिलासपुर के झंडूता विधानसभा क्षेत्र के बरठीं में खोला गया था। इसी प्रकार चंबा के चुराह हलके में सल्यास, कांगड़ा के जयसिंहपुर के लंबागांव, परौरवला, मंडी के चैल, सिरमौर के बांदरी, ऊना के गैहरा, मंडी के मढ़ी व सरकाघाट तथा शिमला के चौपाल में अटल आदर्श विद्यालय खोलने की अधिसूचना जारी की गई थी। शिक्षा मंत्री के अनुसार प्रदेश सरकार द्वारा अभी तक 28 अटल आदर्श विद्यालय अधिसूचित किया जा चुके हैं तथा जहां जहां पर इन विद्यालयों को खोलने के लिए शिक्षा विभाग के नाम पर्याप्त भूमि है, वहां पर इनका निर्माण कार्य शुरू किया जा चुका है। वहीं, जहां पर वन्य संरक्षण अधिनियम का मामला है, वहां पर प्रदेश सरकार संबंधित भूमि को इन विद्यालयों के नाम पर स्थानांतरित करने का कार्य करवा रही है। उन्होंने बताया कि सभी स्कूलों के निर्माण के लिए सरकार द्वारा पैसे का प्रावधान किया जा रहा है।

### प्रदेश में कहां-कहां अटल आदर्श विद्यालय

| विद्यालय | हलका | जिला |
|---|---|---|
| बरठीं | झंडूता | बिलासपुर |
| सल्यास | चुराह | चंबा |
| लंबागांव | जयसिंहपुर | कांगड़ा |
| परौरवला | सुलाह | कांगड़ा |
| चैल-गुडेहरी | नाचन | मंडी |
| बांदली | शिलाई | सिरमौर |
| गैहरा | कुटलैहड़ | ऊना |
| मढ़ी | धर्मपुर | मंडी |
| चौपाल | चौपाल | शिमला |
| सरकाघाट | सरकाघाट | मंडी |

…ल्य हिमाचल

# भांग की खेती को वैध करने की तैयारी

## कृषि के अध्ययन के लिए पांच विधायकों की कमेटी गठित, एक महीने के भीतर सरकार को रिपोर्ट सौंपेगी समिति

**स्टाफ रिपोर्टर — शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खु ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में भांग की खेती को वैध बनाने की दिशा में विचार कर रही है, जिससे राज्य के लिए राजस्व अर्जित होगा। यह औषधीय और औद्योगिक क्षेत्र के लिए भी कारगार साबित होगी। भांग के औषणीय गुणों के इस्तेमाल से कैंसर, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, अवसाद आदि से ग्रसित मरीजों को काफी राहत मिलती है। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने भांग की खेती का अध्ययन करने के लिए एक समिति का गठन किया है, जिसमें पांच विधायकों को सदस्य बनाया गया है। समिति उन इलाकों का दौरा करेगी, जहां भांग की अवैध खेती होती है। सभी पहलुओं का गहनता से अध्ययन करने के उपरांत एक महीने के भीतर कमेटी अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी। इसी के आधार पर भांग की खेती को वैध करने के बारे में अंतिम निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि विश्व के कई देशों में भांग की खेती को कानूनी मान्यता दी गई है। देश के कई राज्यों में भी भांग की



- कमेटी की रिपोर्ट का अध्ययन करने के बाद खेती को वैध घोषित करने पर फैसला लेगी प्रदेश सरकार
- सीएम सुखविंदर सुक्खू बोले, राज्य की अर्थव्यवस्था के लिए फायदेमद होगी योजना
- हिमाचल में औषधीय और औद्योगिक क्षेत्र के लिए भी कारगार साबित होगी भाग की खेती

खेती को कानूनी दायरे में रखा गया है। उत्तराखंड वर्ष-2017 में भांग की खेती को वैध करने वाला देश का पहला राज्य बना था। इसके अलावा गुजरात, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में भी भांग की नियंत्रित खेती की जा रही है। प्रदेश सरकार इन सभी पहलुओं को भी ध्यान में रखते हुए ही कोई निर्णय लेगी। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि भांग की खेती राज्य की अर्थव्यवस्था के लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकती है, लेकिन यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि इसका इस्तेमाल नशे के तौर पर न हो। भारत की संसद में वर्ष 1985 में एनडीपीएस अधिनियम के तहत भांग को परिभाषित किया था, जिसके तहत भांग के पौधे से राल और फूल निकालने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है, लेकिन यह कानून औषधीय और वैज्ञानिक उद्देश्यों के लिए भांग की खेती की विधि और सीमा निर्धारित करता है। अधिनियम की धारा 10(ए) के अंतर्गत राज्यों को किसी भी भांग के पौधे की खेती, उत्पादन, कब्जा, परिवहन, खपत, उपयोग और खरीद तथा बिक्री, भांग की खपत के संबंध में नियम बनाने का अधिकार देती है। राज्यों को सामान्य या विशेष आदेश द्वारा, केवल फाइबर या बीज प्राप्त करने या बागबानी उद्देश्यों के लिए भांग की खेती की अनुमति देने का अधिकार है।

दिव्य हिमाचल

# शानन के करार पर पंजाब के दावे से बढ़ी हल-चल



- पंजाब के बिजली मंत्री ने परियोजना का किया निरीक्षण
- हरभजन सिंह बोले, प्रोजेक्ट की देख-रेख के लिए सरकार जल्द खर्च करेगी बजट
- अधिकारियों-कर्मियों के खाली पदों पर जल्द होगी तैनाती

कार्यालय संवाददाता-जोगिंद्रनगर

पंजाब राज्य के अधीन जोगिंद्रनगर में चल रही शानन जल विद्युत परियोजना को लेकर बेशक पिछले दिनों प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की विस्तार से चर्चा हुई हो, लेकिन वर्ष 2024 में इस परियोजना के हिमाचल के अधीन आने की संभावनाएं प्रतीत नहीं होती। पंजाब के विद्युत एवं लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह की बातों से तो ऐसा ही प्रतीत होता है। पंजाब के विद्युत एवं लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह शुक्रवार को इस परियोजना का निरीक्षण करने जोगिंद्रनगर के शानन पॉवर प्रोजेक्ट में पहुंचे है और उन्होंने प्रोजेक्ट का बारिकी से निरीक्षण किया है। इस दौरान पंजाब के मंत्री ने दावा किया कि पंजाब पुनर्गठन एक्ट 1966 के तहत यह परियोजना पंजाब को मिली है और पंजाब ही इसे संचालित कर रहा है। बकौल मंत्री पंजाब सरकार इस प्रोजेक्ट के प्रति गंभीर है और इसकी शीघ्र ही इसकी देख-रेख पर बजट खर्च होने जा रहा है। मंत्री ने माना कि इस प्रोजेक्ट में अधिकारियों व कर्मचारियों का टोटा है, जिसे शीघ्र ही पूरा किया जाएगा। प्रोजेक्ट के भवन व अधिकारियों के निवास को लेकर बजट का पूरा प्रावधान कर दिया है, जिसके लिए शीघ्र टेंडर लगाए जा रहे है। अप्रोच रोड से शुरू होने वाली प्रोजेक्ट की सड़क के लिए भी बजट पास कर दिया है और टेंडर प्रक्रिया अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि अभी दो महीने पहले ही इस प्रोजेक्ट के स्विच यार्ड पर लगभग दो करोड़ की राशि खर्च की गई है। उनका कहना है कि उन्होंने परियोजना का निरीक्षण किया है और वह बरोट में भी निरीक्षण करेंगे और प्रशासनिक तौर पर पाई जा रही कमियों को भी ठीक किया जा रहा है। इस अवसर पर विद्युत एवं लोक निर्माण मंत्री पंजाब सरकार ने शानन से विंच कैंप तक चलने वाली एशिया की द्वितीय हॉलिज वे ट्रॉली का भी सफर किया।

## अनदेखी पड़ेगी भारी

प्रदेश के पानी से प्रदेश की धरती पर बनी शानन परियोजना का संचालन एक एग्रीमेंट के तहत पंजाब सरकार कर रही है और यह एग्रीमेंट वर्ष 2024 में पूरा होने जा रहा है। आने वाले समय में इस मामले को गंभीरता से न लिया गया, तो परियोजना को हिमाचल के अधीन लेना टेढ़ी खीर से कम नहीं होगा।

# न स्टार प्रोजेक्ट का पूरा बजट खर्चा, न मिड-डे मील का

## शिक्षा विभाग से संबंधित कैग की रिपोर्ट में खुलासा, छात्रों के पलायन और नई नियुक्ति न होना बताया कारण




स्टाफ रिपोर्टर — शिमला

प्रदेश के स्कूलों में क्वालिटी एजुकेशन को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार की ओर से शिक्षा विभाग को विभिन्न मदों में करोड़ों रुपए की ग्रांट मिली हैं, लेकिन विभाग इस राशि को पूरा खर्च करने में नाकाम रहा है। इस बजट को खर्च न करने के लिए शिक्षा विभाग ने जो तर्क दिए हैं, उसे कैग ने सिरे से खारिज किया है। साल 2021-22 की बात की जाए तो केंद्र से प्रारंभिक शिक्षा विभाग को स्टार प्रोजेक्ट के तहत बीते साल 49.70 करोड़ रुपए मिले थे, लेकिन बीते साल इसमें केवल 33.26 करोड़ रुपए ही खर्च कर पाया। स्टार प्रोजेक्ट के तहत शिक्षा विभाग स्कूलों में विकास कार्य को बढ़ावा देने, आधुनिक सुविधाएं जैसे क्लासरूम की व्यवस्था, शौचालय निर्माण, पानी व इंटरनेट सुविधा देने पर यह राशि खर्च करता है, लेकिन इसमें से सभी मदों में यह राशि खर्च नहीं हो सकी। इसके साथ ही मिड-डे मील के लिए भी केंद्र सरकार की ओर से बजट जारी किया जाता है। बीते साल केंद्र की ओर से मिड डे मील के लिए 60.38 करोड़ रुपए मिले थे, जिसमें से विभाग केवल 48.59 करोड़ रुपए ही खर्च कर पाया। इसके साथ ही सरकारी कॉलेजों के लिए 342.16 करोड़ रुपए मिले थे, लेकिन इसमें से भी विभाग केवल 300 करोड़ खर्च कर सका।



### शिक्षा विभाग का तर्क

शिक्षा विभाग ने केंद्र से मिले बजट को खर्च न कर पाने के कारण बताए हैं। इसमें शिक्षकों की नई नियुक्ति न होना एक बड़ा कारण बताया गया है। इसमें एसएमसी के पदों पर बीते साल कोई भी नई नियुक्ति नहीं हो पाई है। इसके साथ ही कर्मचारियों की सेवानिवृत्त और खाली पदो के चलते भी यह बजट खर्च नहीं हो पाया है। दूसरा कोविड के समय अधिकतर शिक्षण संस्थान बंद रहे। ऐसे में मिड-डे मील भी स्कूलों में नहीं बन पाया। वहीं प्रवासी छात्रों को बैंक के जरिए जो राशि बतौर छात्रवृत्ति दी जानी थी, उनके बैंक खाते वेरिफाई न होने के चलते यह राशि नहीं मिल पाई। हालांकि शिक्षा विभाग के इन तर्कों को कैग ने सिरे से खारिज कर दिया है।

# नलकूपों के निर्माण पर फिजूल खर्च कर दिए 92 लाख

## कैग रिपोर्ट में जल शक्ति विभाग में अप्रभावी व्यय का खुलासा

स्टाफ रिपोर्टर — शिमला

जल शक्ति विभाग द्वारा नलकूपों के निर्माण पर अनावश्यक तौर 92 लाख की राशि खर्च की गई है। कैग रिपोर्ट में जल शक्ति विभाग द्वारा किए गए निष्फल/अप्रभावी व्यय का खुलासा हुआ है। नलकूप योजनाओं हेतु प्रस्तावित स्थलों पर कार्य प्रारंभ करने से पूर्व जल निकासी का वैज्ञानिक व्यवहार्यता मूल्यांकन न करना परित्यक्त योजनाओं पर 92 लाख के अनावश्यक व्यय एवं सात मामूली रूप से कार्यशील योजनाओं पर अप्रभावी व्यय के रूप में परिणत हुआ। इसके अलावा सात अन्य योजनाएं अनुमोदन के सात वर्ष बीत जाने के बाद भी अपूर्ण रही, जिसके परिणामस्वरूप लाभार्थी सिंचाई सुविधाओं से वंचित रह गए। बताया जा रहा है कि भारतीय मानक ब्यूरो दिशानिर्देश जल शक्ति विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार पर प्रयोज्य हैं। भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा नल (ट्यूब )/बोरवेल की अवस्थिति, संचालन व रखरखाव दिशानिर्देश के परिच्छेद 4.2 एवं 4.2.1 में कहा गया है-कि भौतिक विशेषताओं जैसे घनत्व, लोच, चुंबकीय , विद्युत प्रतिरोधकता, रेडियोधर्मिता का उपयोग करते हुए भूभौतिकीय तरीके जल-भूगर्भीय विशेषताओं को निरूपित कर सकते है। अच्छे जलवाही स्तर भूजल क्षमता वाले क्षेत्रों की पहचान करने में सहायता हेतु बोरहोल की ड्रिलिंग के लिए सटीक स्थान दे सकते हैं। इस प्रकार सर्वेक्षण क्षेत्र में भूजल क्षमता के बारे में जानकारी प्रदान करते हैं। वहीं भूभौतिकीय सर्वेक्षण यद्यपि हाइड्रोजियोलॉजिकल जांच की तुलना में महंगा है। तथापि यह बहुत अधिक महंगी ड्रिलिंग के निष्फल व्यय को, विशेष रूप से कठोर चट्टान क्षेत्रों में कम कर सकता है।

### नालागढ़ में नलकूलों पर करोड़ों रुपए किए खर्च

नाबार्ड ऋण योजना सात के तहत अगस्त, 2009 व मार्च, 2015 मे नालागढ के गांवो के किसानो को सिंचाई सुविधा प्रदान करने के लिए दो सिंचाई परियोजनाओ से नालागढ क्षेत्र मे 4.09 करोड मे छह नलकूप 5.33 करोड मे सात नलकूपो (राजपुरा, मियांपुर बगलेहर, ग्राम पंचायत गोयल जमाला मे कल्याणपुर हरिजन बस्ती, भोगपुर, घरोटी (बाईपास), ग्राम पंचायत खिलिया मे नग्गर व प्लासरा कालू) वहीं, परियोजना-1 मे 4.09 करोड मे छह नलकूप व परियोजना दो में 5.33 करोड़ मे सात नलकूपो को मंजूरी दी गई थी। विस्तृत परियोजना रिपोर्ट के अनुसार दो परियोजनाओ के तहत कुल 13 नलकूप ड्रिल किए जाने थे, जिसमे 30 हैक्टेयर भूमि की सिंचाई हेतु प्रत्येक नलकूप मे 30 लीटर प्रति सेकंड जल निकासी अनुमानित थी। इसके अलावा सिविल कार्य का निष्पादन किया जाना था तथा उपकरण खरीदे जाने थे। जल शक्ति मंडल, नालागढ के अभिलेखो की संवीक्षा (फरवरी, 2018 व मार्च, 2021 ) से खुलासा हुआ है कि प्रस्तावित ट्यूबवेल कार्य स्थलो (साइटो) पर उपलब्ध भूजल क्षमता (जल-निकासी) का पता लगाने हेतु भारतीय मानक ब्यूरो दिशानिर्देशो मे अनुशंसित वैज्ञानिक विधियो का उपयोग नहीं किया गया।

# शरोग बराड़ा को मिली पंचायत भवन की सौगात

## मुख्य संसदीय सचिव मोहनलाल ब्राक्टा ने किया शिलान्यास, 32.59 लाख से होगा तैयार

बृजेश फिष्टा—रोहड़ू



मुख्य संसदीय सचिव मोहनलाल ब्राक्टा ने शरोग बराड़ा पंचायत के पंचायत भवन का शिलान्यास किया। यह भवन लगभग 32.59 लाख रुपए की लागत से निर्मित होगा। शरोग बराड़ा की प्रधान चाहत चौहान ने मुख्य संसदीय सचिव मोहनलाल ब्राक्टा के समक्ष पंचायत की समस्याओं को रखा।

जिसे मुख्य संसदीय सचिव मोहनलाल ब्राक्टा ने आश्वासन देते हुए हर समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। विधायक ने इस मौके पर साथ आए सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की कोताही न बरती जाए।

प्रदेश में कांग्रेस सरकार हर वर्ग का एक समान विकास करने में विश्वास करती है। इस अवसर पर कांग्रेस कमेटी रोहड़ू के अध्यक्ष करतार सिंह कुक्लू जिला शिमला के जिला परिषद उपाध्यक्ष सुरेंद्र रेटका, महासचिव कांग्रेस कमेटी रोहड़ू सोहन लाल चौहान, उपमंडलीय अधिकारी सनी शर्मा, डीएसपी चमन लाल, प्रधान ग्राम पंचायत चाहत चौहान, उप प्रधान कैलाश शर्मा, कांग्रेस कमेटी के महासचिव रामेश्वर कवर, मीडिया प्रभारी हैप्पी मेहता, सेवा दल रोहड़ू के अध्यक्ष सुदेश भरेट पंचायत समिति सदस्य नरेंद्र शर्मा, हरी ठाकुर, कैलाश नारटा, बीटू रेटका, उप प्रधान ग्राम पंचायत अढाल अनिल ठाकुर, हरी ठाकुर, दलीप चौहान, बिनी ठाकुर, वीरेंद्र नेगी, दीपक माजटा व रामलाल चौहान मौजूद रहे। (एचडीएम)

# बंद होने से बचेंगे समर स्कूल

## 13 अप्रैल तक एडमिशन की छूट मिलने से बंधने लगी राहत की उम्मीद

दिव्य हिमाचल ब्यूरो — शिमला



- शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर बोले, 15 अप्रैल के बाद लेंगे डिनोटिफिकेशन पर फैसला
- प्रदेश के कुल 272 मिडिल, हाई और सीनियर सेकेंडरी स्कूल हैं खतरे में

**इतने दाखिले जरूरी**

यदि इस एक सप्ताह में नए अपग्रेड हुए स्कूलों में मिडिल कक्षाओं में एडमिशन 15, हाई स्कूल की 20 और सीनियर सेकेंडरी की 25 से ज्यादा हो गई, तो इन्हें बंद नहीं किया जाएगा और सरकार इन्हें कंटिन्यू करेगी।

कम छात्र संख्या के कारण डिनोटिफिकेशन के फेर में फंसे पूर्व भाजपा सरकार के दौरान अपग्रेड किए गए स्कूलों को राहत मिल गई है। ऐसे कुल 272 सरकारी स्कूल बंद होने के खतरे में थे। इनमें मिडिल, हाई और सीनियर सेकेंडरी स्कूल शामिल है। अब राज्य सरकार द्वारा इन्हें एक राहत देने के कारण कम से कम समर क्लोजिंग स्कूल डिनोटिफाई होने से बच जाएंगे। पहले राज्य सरकार ने 28 फरवरी, 2023 को स्कूल में एडमिशन की संख्या के हिसाब से स्कूलों को बंद करने का प्रपोजल बनवाया था। अब इस डेट को बढ़ाकर 13 अप्रैल, 2023 कर दिया गया है। अप्रैल के पहले हफ्ते में खुले समर क्लोजिंग स्कूलों को एडमिशन के लिए एक हफ्ता दिया गया है। यदि इस एक सप्ताह में नए अपग्रेड हुए स्कूलों में मिडिल की एडमिशन 15, हाई स्कूल की 20 और सीनियर सेकेंडरी की 25 से ज्यादा हो गई, तो इन्हें बंद नहीं किया जाएगा और सरकार इन्हें कंटिन्यू करेगी। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने बताया कि कई पक्षों से सरकार को यह फीडबैक मिला था कि विंटर क्लोजिंग स्कूलों को, तो एडमिशन का मौका मिल गया, लेकिन समर क्लोजिंग स्कूलों को समय ही नहीं मिला था। क्योंकि ये अपग्रेड भी चुनाव से ठीक पहले हुए थे। इसलिए इनके लिए 13 अप्रैल की डेट एडमिशन की रखी गई है। 15 अप्रैल के बाद स्कूलों से आने वाली फीडबैक के आधार पर राज्य सरकार फैसला लेगी। इससे पहले शिक्षा विभाग से बनी रिपोर्ट में 272 स्कूल बंद हो रहे थे, लेकिन अब बहुत कम स्कूल ऐसे बचेंगे, जहां 25 की एडमिशन भी नहीं होगी। गौरतलब है कि सुखविंदर

बंद होने से : पृष्ठ छह पर

**बंद होने से...**

सिंह सुक्खू की सरकार ने चुनावी वर्ष में खोले गए संस्थानों और स्कूलों को बंद करने का नीतिगत फैसला लिया था। इसके बाद जीरो एडमिशन वाले 282 स्कूलों को एक साथ डिनोटिफाई कर दिया गया था। इसके बाद कम छात्र संख्या के आधार पर 21 प्राइमरी स्कूलों को भी बंद कर दिया गया। लेकिन इसके ऊपर के स्कूलों पर अभी तक फैसला नहीं हुआ है। विधानसभा बजट सत्र के दौरान कई विधायकों की ओर से भी इस तरह का फीडबैक दिए जाने के बाद राज्य सरकार ने 13 अप्रैल, 2023 की छात्र संख्या की शर्त रखी है।

45

9 - APR 2023

# एचपीयू के दीक्षांत समारोह में मेहमान बनेंगी राष्ट्रपति मुर्मू

स्टाफ रिपोर्टर — शिमला



हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के आगामी 26वें दीक्षांत समारोह 19 अप्रैल को होने जा रहा हैं। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगी। राष्ट्रपति 3:20 से 4:20 एक घंटा दीक्षांत समारोह की शोभा बढ़ाएंगी। कुलपति आचार्य सत प्रकाश बंसल ने बताया कि दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगी। समारोह की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल और विश्वविद्यालय के कुलाधिपति शिव प्रताप शुक्ल करेंगे। कुलपति ने बताया कि समारोह में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह रहेंगे। इसके साथ उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर भी समारोह में उपस्थित रहेंगे। समारोह से सबंधित तैयारियों को लेकर समितियां गठित कर ली गई हैं। इसी बारे में समितियों के समन्वयकों के साथ बैठक आयोजित की गई। समारोह में 100 पीएचडी एवं 118 स्वर्ण पदक दिए जाएंगे।

# विदेश में 11 एमओयू साइन हुए थे, एक से भी नहीं आया निवेश

## भाजपा सरकार ने जर्मनी, नीदरलैंड और यूएई में किए थे रोड शो

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो — शिमला**

पूर्व भाजपा सरकार के दौरान हुई ग्लोबल इन्वेस्टर मीट के दौरान विदेशों के रोड शो में साइन हुए एमओयू अब तक निवेश नहीं ला पाए हैं। राज्य सरकार का आंकडा है कि ग्लोबल इन्वेस्टर मीट से पहले जर्मनी, नीदरलैंड और यूएई में वर्ष 2019 से इंटरनेशनल रोड शो किए गए। कुल तीन ही ऐसे रोड शो हुए थे। इनमें 2200 करोड़ निवेश क्षमता के 11 मेमोरेंडम आफ अंडरस्टैंडिंग साइन किए गए, लेकिन हैरानी की बात यह है कि एक भी एमओयू का निवेश अब तक हिमाचल में नहीं आया

विदेश मे 11 : पृष्ठ छह पर



- ग्लोबल इन्वेस्टर मीट में आए उद्योगों से 9000 को मिला रोजगार
- अब इन्वेस्टर मीट की जगह इन्वेस्टमेंट ब्यूरो से निवेश लाएगी सरकार

### मुख्यमंत्री राहत कोष को भी मदद की दरकार

राज्य के सीएम जिस राहत कोष से गरीबों और ज़रूरतमंदों की मदद करते है, उसी राहत कोष को मदद की दरकार है। दरअसल, पूर्व भाजपा सरकार के समय चुनाव तक सिर्फ 15,88,954 रुपए मुख्यमंत्री राहत कोष में बचे थे। अब कुछ और योगदान आने के बाद राहत कोष मे राशि 40,73,664 रुपए हो गई है। हालांकि इसमे 42,19,381 राज्य सहकारी बैंक ने दिया है, जबकि 454283 रुपए एचडीएफसी बैंक ने दिए हैं। यानी लोगो की ओर से अभी कोई योगदान इसमें नहीं दिखे रहा। इसकी एक वजह यह भी है कि अधिकाश लोग मुख्यमंत्री सुख आश्रय कोष में दान कर रहे हैं।

**विदश म 11...**

है। हालांकि ऐसा भी नहीं है कि ग्लोबल इन्वेस्टर मीट के एमओयू धरातल पर नहीं उतरे हैं। पूर्व जयराम सरकार ने दो ग्राउंड ब्रेकिंग सरमनी इस दौरान की थी और इनके बाद अच्छा निवेश भी हिमाचल में आया था। ग्लोबल इन्वेस्टर मीट के निवेश में राज्य मे 9000 से ज्यादा युवाओं को रोजगार भी मिला है। हालांकि राज्य सरकार ने 2020 के बाद फिर इस तरह के कदम निवेश के लिए दोबारा नहीं उठाए। इसकी सबसे बड़ी वजह कोरोना था। अब नई सरकार भी इन्वेस्टर मीट के बजाए इन्वेस्टमेंट ब्यूरो का रास्ता आसान करने जा रही है। कांग्रेस सरकार में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने नया इन्वेस्टमेंट ब्यूरो बनाने की घोषणा की है, जिसके ड्राफ्ट पर आजकल उद्योग मंत्री हर्षवर्धन सिंह चौहान अपनी टीम के साथ काम कर रहे हैं।

# सेब उत्पादकों को सीएम का ऐतिहासिक निर्णय

**स्टाफ रिपोर्टर — शिमला**

- अब, बागबानों से किलो के हिसाब से खरीदा जाएगा सेब

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव एवं प्रवक्ता देवेंद्र बुशैहरी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में सेब उत्पादकों के लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बागबानों के हित में जो निर्णय लिया, वह ऐतिहासिक है।

इस निर्णय से भविष्य में अब बागबानों से सेब किलो के हिसाब से खरीदा जाएगा, जिससे उनका खर्च भी बचेगा। यह अपने आप में एक ऐतिहासिक मिसाल है। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा बागबानों के हितों की रक्षा की है। सेब का सीजन आरंभ होने से पूर्व यह निर्णय कांग्रेस सरकार की गंभीरता को दर्शाता है। पार्टी के घोषणा पत्र में कहे अपने तीसरे वचन को भी निभाने की दिशा में एक कदम भी है। देवेंद्र बुशैहरी ने कहा कि इससे पूर्व पिछली भाजपा सरकार ने न केवल गुम्मा में सेब-कार्टन बनाने वाली फैक्टरी को ही बंद कर दिया, जिसके फलस्वरूप बागबानों को बाहरी राज्यों के सेब पेटी सप्लायरों से घटिया कार्टन जीएसटी कर सहित महंगे मूल्यों पर खरीदने पड़े। भाजपा सरकार ने बागबानों को पेटियों पर सबसिडी के नाम पर भी धोखा दिया।

दिव्य हिमाचल



# बहस के आंगन में सत्र-1

**राजनीति** की अपनी बोलियां और टप्पे हैं, जिन्हें सुन कर हम अंदाजा लगा सकते हैं कि विधानसभा सत्र की बहस में भी नाचते वक्त कभी आंगन टेढ़ा लगता है, तो यह पक्ष और विपक्ष के बीच मुद्दों का कदमताल है। हिमाचल के खुलते और बंद होते दरवाजों की नीयत पर शक करें या उन रोशनदानों के लिए जगह पैदा करें, जो भविष्य की रोशनी को खींच लें। सुक्खू सरकार ने जिस दरिया को पार करके अपनी सत्ता का नगर बसाया है, वहां विपक्ष में भाजपा अपना स्थान पुष्ट करना चाहती है और इसी द्वंद्व के मोर्चे पर वाकआउट जैसे नजारे उभरते रहे। कहीं बादलों ने डिनोटिफाइड संस्थानों की पृष्ठभूमि को छुपा लिया, तो विपक्ष मांझी की तरह नगर को छोड़कर फिर नदिया में अपनी नाव चलाने लगा। विधानसभा में आती आवाजें बार-बार बाहर निकल कर हांक लगातीं, तो महिलाओं के हक में कांग्रेस की गारंटियों पर चीखते विपक्ष के लिए पंद्रह सौ रुपए की अदायगी जीने मरने का सवाल बन जाता है। भाजपा का चुनावी मलाल, सत्ता पर चढ़े गुलाल से मुकाबला करते हुए तमाम गारंटियों का हिसाब लेना चाहता है, तो सादगी भरे आश्वासन से मुख्यमंत्री बता देते हैं कि सरकार पूरे पांच साल की करवटों में गारंटियों में भरी उम्मीदों को बांटेगी। भाजपा बार-बार अपनी पूर्ववर्ती सत्ता के मैदान पर छोड़ आई गेंद उठा कर सत्ता पक्ष की तरफ उछालती रही। यह वही गेंद है जो जनमंच के आयोजनों के वक्त अधिकारियों की तरफ उछाली जाती थी। अब अगर सुक्खू सरकार ऐसे शिकायती मंच पर शिरकत नहीं करना चाहती, तो विपक्ष को तर्क रखने का इतना अधिकार तो था कि वह सदन के वेल तक आ कर अपनी शिकायत का तापमान बढ़ा दे। विपक्ष ने सत्तापक्ष के विधायकों को बीच में यह भी सिखा दिया कि सत्र में टाइम टेबल से आने की जरूरत क्या है। एक बार मौका यह भी आया कि योजनावकाश के बाद कुछ देरी से आए सत्ता के नुमाइंदों को विपक्ष ने 'सरकार गुम है' का अलाप सुना दिया। विधानसभा का बजट सत्र सरकार के नए आरोहण का गुलदस्ता पेश कर रहा था, तो विपक्ष के माप तोल बढ़ा रहा था। सरकार नीतियों को बदलने के तरानों में ऐसा कुछ नहीं सुन सकती, जो पिछली सरकार की वकालत करे। इसलिए हिमाचल का बजट 3064 करोड़ बढ़ा दिया जाता है। आउटसोर्स भर्ती को ताले में बंद करके नई परिपाटी में नौकरी बुलंद होगी। सरकार प्रदेश के नक्षत्र बदल कर वाटर सेस लगाना चाहती है, तो समर्थन में विपक्ष भी एक स्वर कह उठता है,'हिमाचली हक-ऐत्थे रख'। मसले बहुतेरे हैं, तो नए विकल्पों पर सुक्खू सरकार ने एसएमसी शिक्षकों को भी राहत का पैगाम दे दिया। खींचतान के लिए पूर्व सरकार का भुगतान सुक्खू सरकार के बजट का इम्तिहान लेने लगा तो पता चला हिमकेयर के 61 करोड़ भी देने पड़ेंगे। विपक्ष एक ओर सदन में सरकार पर गुमराह करने का आरोप लगाते दिखा तो दूसरी ओर सत्ता मक्ष दस साल में हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने की कला पर वक्तव्य देते दिखा। सदन के रौंगटे कोई भी वाकआउट खड़े नहीं कर सकता, लेकिन छोटा सा सवाल भी गहने उतार सकता है। इसलिए अर्थव्यवस्था के नाम पर ऋण लेने पर खूब बाल नोचे गए, लेकिन हिसाब-किताब बता गया कि आगे भी गाड़ी उधार के पेट्रोल पर ही चलेगी। सरकार ओपीएस देने की मुद्रा में बजट सत्र को आश्वासनों से लबालब कर गई, लेकिन कहीं सत्य यह भी निकला कि एनपीएस के कुल 9243 करोड़ पर केंद्र कुंडली मार कर बैठ गया है। विधानसभा सत्र में अफसोस के कई जाम छलकते रहे, जब विपक्ष की आशंकाओं में वर्तमान सरकार के प्रति असंतोष, अविश्वास और अवज्ञा के हुंकारे भरे गए। चुराह के विधायक हंसराज को अफसोस यही था कि कहीं गलती हुई वरना पुराने रहट पर भाजपा ही सत्ता का पानी भरती। बजट में चर्चा के दौरान कहीं मंडी के विधायक अनिल शर्मा की मासूमियत भी सामने आती है जब वह यह कहते हैं,'मेरे यहां नए दफ्तर नहीं खुले, फिर भी जीता'। -क्रमशः

49

दिव्य हिमाचल ... 2023

# योग के साथ हिमाचली पकवानों का जायका लेंगे वैज्ञानिक

## धर्मशाला में जी-20 सम्मेलन के दौरान 70 देशों के मेहमान करेंगे शिरकत, तैयारियों को लेकर प्रशासन ने बनाई रणनीति




पवन कुमार शर्मा-धर्मशाला

धर्मशाला में 19-20 अप्रैल को होने वाले जी-20 सम्मेलन में तकनीक व विज्ञान पर चर्चा के अलावा डेलीगेट्स योगाभ्यास भी करेंगे। 20 अप्रैल को आयुष विभाग के सौजन्य से मेहमानों के लिए सुबह साढ़े छह बजे आयोजन स्थल पर योग सत्र का आयोजन किया जाएगा। करीब पौने घंटे के इस सत्र में आयुष विभाग के प्रशिक्षक डेलीगेट्स को योगाभ्यास कराएंगे। उपायुक्त डा. निपुण जिंदल धर्मशाला में जी-20 सम्मेलन को लेकर तैयारियों की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उपायुक्त ने सभी विभागों को व्यवस्थित और भव्य रूप में शिखर सम्मेलन आयोजित करने को लेकर जरूरी निर्देश दिए। डा. निपुण जिंदल ने कहा कि कांगड़ा एयरपोर्ट पहुंचने पर मेहमानों का पारंपरिक तरीके से स्वागत होगा। हवाई अड्डे पर उन्हें हिमाचली पकवान और एप्पल टी, कांगड़ा टी जैसे पेय सर्व किए जाएंगे। इसके अलावा उनका हिमाचली परंपरा के अनुरूप स्वागत किया जाएगा। उन्हें हिमाचली टोपी-शॉल के अलावा कांगड़ा पेंटिंग्स उपहार दी जाएंगी। जी20 सम्मेलन के दौरान कान्फ्रेंस वेन्यू पर प्रदेश की ओर से साइंस व प्रौद्योगिकी, हथकरघा-हस्तकला पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसमें आईएचबीटी पालमपुर और कृषि विश्वविद्यालय द्वारा साइंस-प्रौद्योगिकी के नवाचार से जुड़ी प्रदर्शनी लगाई जाएगी। हथकरघा-हस्तकला से जुड़े उत्पादों के प्रदर्शनी व बिक्री काउंटर भी लगाए जाएंगे। डेलीगेट्स यदि चाहें तो उन उत्पादों को खरीद भी सकेंगे। इसके लिए यूपीआई आधारित भुगतान की व्यवस्था रहेगी। कांगड़ा एयरपोर्ट की साज सज्जा के अलावा एनएच तथा राज्य सड़कों के दोनों भवनों की सजावट का काम किया जाएगा। -एचडीएम

### 70 देशों के वैज्ञानिक आएंगे

धर्मशाला में होने वाली बैठक में 'रिसर्च एंड इनोवेशन इनिशिएटिव गैदरिंग' विषय के तहत नवीनतम अनुसंधान और नवाचारों पर चर्चा होगी। इसमें विश्व के अनेक देशों के 70 प्रतिनिधि भाग लेंगे।

### 18 अप्रैल को पहुंचेंगे धर्मशाला

उपायुक्त डा. जिंदल ने कहा कि सम्मेलन के लिए दुनियाभर के लगभग 70 प्रतिनिधि 18 अप्रैल को धर्मशाला पहुंच जाएंगे। 19 को दिन में तकनीकी सत्र होंगे, वहीं रात्रि में मेहमानों के लिए एचपीसीए में 'गाला डिनर' का आयोजन किया जाएगा। 20 अप्रैल को सुबह योग सत्र में भाग लेने के उपरांत प्रतिनिधि धर्मशाला व आसपास के स्थानों के भ्रमण पर रहेंगे। 21 अप्रैल को उनकी कांगड़ा हवाई अड्डे से वापसी होगी।

### चाय बागान, कला संग्रहालय का करेंगे दीदार

20 अप्रैल को डेलीगेट्स धर्मशाला में चाय बागानों और कांगड़ा कला संग्रहालय का दीदार करेंगे। वे बागान में चाय की पत्तियां चुनने का अनुभव भी लेंगे। वहीं, कला संग्रहालय में हिमाचली कला-संस्कृति और शिल्प से रू-ब-रू होने के साथ ही लाइव कांगड़ा पेंटिंग भी का भी अनुभव लेंगे।

शिमला । आबकारी विभाग की कैग रिपोर्ट में खुलासा, 24.05 लाख रुपए का खुदरा शुल्क कहां हुआ गायब

# 8293 प्रूफ लीटर देशी शराब की चोरी

अमन वर्मा-शिमला

राज्य कर एवं आबकारी विभाग की कैग रिपोर्ट में देशी शराब की संदेहास्पद चोरी करने का खुलासा हुआ है। कैग रिपोर्ट में पता चला है कि सात थोक व्यापारी द्वारा बेची गई एवं खुदरा विक्रेताओं द्वारा उठाई गई मात्रा के मध्य मिलान न होने से 24.05 लाख के खुदरा उत्पाद शुल्क की संदेहास्पद चोरी के रूप में परिणत हुई। आबकारी घोषणा 2019-20 के नियम 7.13 में प्रावधान है कि राज्य के खुदरा लाइसेंसधारी को देशी शराब एवं उच्च तीव्रता वाली देशी शराब की आपूर्ति केवल एल-13 थोक के माध्यम से की जाएगी। यह कि एल-13 लाइसेंसधारी जिला के किसी भी खुदरा बिक्री लाइसेंसधारी को, जहां वह चाहे, देशी शराब की आपूर्ति करने हेतु बाध्य होगा। जिला में कोई एल-13 बिक्री-केंद्र खुले न होने के मामले में संबंधित अंचल के कलेक्टर द्वारा

## खुदरा विक्रेताओं की रसीद जांचें

लेखापरीक्षा में इंगित किए जाने पर (फरवरी 2021), राज्य कर एवं आबकारी उपायुक्त, सिरमौर ने उत्तर दिया कि थोक विक्रेताओं एवं खुदरा विक्रेताओं की बिक्री के आंकड़ों का मिलान किया जाएगा तथा उसके परिणाम लेखापरीक्षा को सूचित किए जाएंगे। विभाग शराब की चोरी से बचने के लिए थोक विक्रेताओं की बिक्री एवं खुदरा विक्रेताओं की रसीद की जांच करने हेतु एक तंत्र तैयार करे।



■ 2019-20 के खुदरा उत्पाद शुल्क की लागू दरों पर गणना

इस शर्त में यह ढील दी जा सकती है कि ऐसी स्थिति में खुदरा विक्रेता जोन के कलेक्टर द्वारा अनुमोदित एल-13 से आपूर्ति प्राप्त करेगा। आबकारी प्राधिकरण से पास/परमिट प्राप्त करने के पश्चात ही थोक व्यापारी द्वारा शराब, बीयर को गोदाम से खुदरा विक्रेताओं को बेचा जा सकता है। -एचडीएम

## देशी शराब की संदिग्ध चोरी

2020-21 के दौरान नमूना जांच किए गए दो राज्य कर एवं आबकारी उपायुक्तों (11 में से) के अभिलेखों की समीक्षा से उजागर हुआ कि बद्दी और सिरमौर दो राज्य कर एवं आबकारी उपायुक्तों के अधीन खुदरा विक्रेताओं ने जिला में थोक विक्रेताओं द्वारा 21.99 लाख प्रूफ लीटर देशी शराब की बिक्री के खिलाफ 21.91 लाख प्रूफ लीटर शराब उठाई। इस प्रकार, थोक विक्रेताओं की ओर से 24.05 लाख के खुदरा उत्पाद शुल्क से अंतर्ग्रस्त 8,293.105 प्रूफ लीटर देशी शराब की संदिग्ध चोरी हुई, जिसकी गणना 2019-20 के खुदरा उत्पाद शुल्क की लागू दरों के अनुसार की गई थी।

# गडकरी करेंगे कीरतपुर-नेरचौक फोरलेन का उद्घाटन

## स्वारघाट पहुंचे केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर का खुलासा, 15 मई तक हो सकता है लोकार्पण

निजी संवाददाता — स्वारघाट

कीरतपुर-नेरचौक तक फोरलेन का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। इस फोरलेन का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी 15 मई तक करेंगे। यह खुलासा केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने स्वारघाट क्षेत्र में कीरतपुर-नेरचौक फोरलेन के तहत बन रही कैंचीमोड़ से मैहला टनल के निरीक्षण के दौरान किया। अनुराग ठाकुर ने कहा कि किरतपुर-नेरचौक फोरलेन रिकॉर्ड समय में बनकर तैयार हुआ है। टनल का काम लगभग पूरा हो गया है। फोरलेन का करीब 96 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है। जल्द से जल्द इस फोरलेन का उद्घाटन करवाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस फोरलेन के शुरू होने के चलते तीन घंटे का सफर महज 40 मिनट तक का रह जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने हिमाचल को कई तोहफे दिए हैं, जिसका लाभ प्रदेश की जनता को मिल रहा है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने फोरलेन कार्य के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को उचित निर्देश भी दिए। इस मौके पर नयनादेवी विधानसभा क्षेत्र के विधायक रणधीर शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष बाल किशन ठाकुर, ब्लॉक समिति अध्यक्ष किरण शर्मा, राम कुमार शर्मा, रामपाल चौधरी, सतीश शर्मा, कल्पना शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।



### हिमाचल में रेलवे को भी मजबूत करेगी केंद्र सरकार

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार ने हिमाचल के आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ किया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल में रेलवे को भी मजबूत किया जा रहा है। भानुपल्ली से बिलासपुर रेलवे लाइन के लिए एक हजार तक का बजट मिला है। केंद्र सरकार ने हमेशा ही हर वर्ग के लिए योजनाएं चलाई है, जिसका लाभ जनता को मिल रहा है।

दिव्य हिमाचल

51

# कांग्रेस के निशाने पर मंडी विश्वविद्यालय की भर्तियां

## धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर ने विधानसभा में उठाया मामला

**अमन अग्निहोत्री — मंडी**

सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी में हुई भर्तियां में भ्रष्टाचार के आरोपों की गूंज अब विधानसभा तक पहुंच गई है। कांग्रेस नेता पूर्व भाजपा सरकार के समय से ही विश्वविद्यालय में भर्तियों को लेकर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते रहे हैं। अब यह मामला विधानसभा के बजट सत्र में भी धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर ने उठाया है। इसके बाद न सिर्फ सरकार पर जांच का दबाव बढ़ा है, बल्कि इस मामले में अब किसी भी समय सरकार विजिलेंस जांच के आदेश भी कर सकती है। धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर को प्रदेश सरकार ने अब सरदार पटेल विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद का सदस्य भी नियुक्त कर दिया है। इसके बाद सरकार की मंशा भी विश्वविद्यालय में हुई भर्तियों की जांच को लेकर दिख रही है। हालांकि इस मामले को लेकर अब भाजपा कांग्रेस के बीच सीधा टकराव भी दिख रहा है। एक तरफ जहां मंडी से कांग्रेस के इकलौते विधायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय की जांच को लेकर मोर्चा खोले हुए हैं, तो वहीं मूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर मंडी विश्वविद्यालय के बचाव में उतरे हैं। विधानसभा में विधायक चंद्रशेखर ने सरदार पटेल विश्वविद्यालय के साथ ही वल्लभ महाविद्यालय मंडी में भी सेल्फ फाइनासिंग स्कीम के तहत धन के दुरुपयोग और भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। बता दें कि मंडी विश्वविद्यालय में पूर्व सरकार के समय हुई भर्तियों को लेकर कांग्रेस नेता शुरू से ही आरोप लगाते आए है। इस मामले में कुछ लोगों द्वारा सूचना के अधिकार के तहत जानकारी भी एकत्रित की गई है, जिसमें कांग्रेस नेताओं के आरोपों को बल भी मिलता दिखा है। अब धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर ने बजट सत्र में इस मामले को उठा कर इस मुद्दे को और गरमा दिया है। इसके बाद अब सरकार पर इस मामले में जांच करवाने को लेकर भी दबाव बढ़ गया है। सूत्र बताते हैं इस मामले में कुछ महीने पहले शिक्षा विभाग ने अपने स्तर पर जांच के आदेश भी दिए थे, लेकिन बाद में यह आदेश वापस ले लिए गए। *(एचडीएम)*

### भर्तियों को लेकर जयराम-चंद्रशेखर आमने-सामने







**सरदार पटेल विश्वविद्यालय के मामले को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर भी सरकार को पिछले कई महीनो से घेरने का प्रयास कर रहे है। उनका आरोप है कि प्रदेश सरकार मंडी विश्वविद्यालय को बंद करना चाहती है। इसलिए यहां से स्टाफ को वापस भेजा गया और भर्तियों को लेकर झूठे आरोप लगाए जा रहे है। दूसरी तरफ धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर का कहना है कि विश्व विद्यालय मंडी हर हाल मे चलेगा और प्रदेश सरकार इसे चलाने मे पूरी तरह से गंभीर है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि विश्वविद्यालय मे भर्तियो से लेकर अन्य स्तर पर हुए भ्रष्टाचार को नजरअंदाज कर दिया जाए। इस मामले को विधानसभा में रखा गया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आश्वासन दिया है कि इस मामले मे शीघ्र ही विजिलेंस जांच के आदेश सरकार देगी। उन्होंने कहा कि मैंने ने भी अब विश्व विद्यालय से रिकार्ड मांगा है। पूर्व सरकार के समय किस तरह से चहेतों को लाभ देकर योग्य उम्मीदवारों को बाहर किया गया है, इसका सच जनता के सामने आना चाहिए।**

82

# राहुल के समर्थन में निकाला मशाल मार्च, सुक्खू हुए शामिल

जागरण संवाददाता, शिमला : मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने राजनीतिक षड्यंत्र के तहत राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता को रद किया है। उन्होंने कहा कि जिस कांग्रेस ने देश में 75 वर्ष तक लोकतंत्र को मजबूत किया, भाजपा उसको कमजोर करने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस लोकतंत्र की हत्या नहीं होने देगी। मुख्यमंत्री ने प्रदेश युवा कांग्रेस की ओर से शुक्रवार शाम शिमला में निकाले 'लोकतंत्र बचाओ, मशाल शांति मार्च' के दौरान यह बात कही।

मुख्यमंत्री इस शांति मार्च में शिमला क्लब से ओकओवर तक शामिल हुए। युवा कांग्रेस ने राहुल गांधी के समर्थन में यह मार्च राजीव भवन से ओकओवर होते हुए राजभवन तक निकाला। इसमें शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, विधायक हरीश जनार्था, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास, प्रदेश प्रभारी अमनप्रीत लाली व हिमाचल युवा कांग्रेस अध्यक्ष निगम भंडारी सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा देश में लोकतंत्र की हत्या कर रही है। ऐसे में कांग्रेस देशभर में राहुल गांधी के समर्थन में इस तरह के आयोजन कर रही है। वहीं, शांति मार्च के दौरान कार्ट रोड पर कुछ देर के लिए यातायात जाम लग गया। हालांकि, कुछ देर में पुलिस कर्मचारियों ने यातायात को सुचारू कर दिया।

# सुक्खू सरकार तैयार, प्रदेश के युवाओं को देगी रोजगार

**90** हजार प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर मिलेंगे औद्योगिक निवेश से

**25** हजार कार्यशील पदों को सरकारी क्षेत्र में इसी वर्ष भरने की है घोषणा

राज्य ब्यूरो, शिमला : औद्योगिक निवेश को आकर्षित कर प्रदेश में 90 हजार प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित किए जाएंगे। हिमाचल को निवेश मित्र राज्य के रूप में स्थापित करने के लिए व्यवस्थाओं में आवश्यक बदलाव लाया जा रहा है। इससे प्रदेश में निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा। युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए बजट में मुख्यमंत्री रोजगार संकल्प सेवा आरंभ करने की भी घोषणा की गई है। इससे प्रदेश के दूरदराज क्षेत्रों के युवाओं को राज्य, राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध रोजगार अवसरों से जोड़ा जाएगा।

प्रदेश सरकार ने इस वर्ष सरकारी क्षेत्र में 25 हजार विभिन्न कार्यशील पदों को भरने की घोषणा की है। जल शक्ति विभाग में भी 5000 पद भरे जाएंगे। औद्योगिक निवेश के अतिरिक्त मत्स्य पालन, सौर ऊर्जा और ई-वाहन जैसे तेजी से उभरते नवीन क्षेत्रों में युवाओं को प्रोत्साहन के लिए कई सार्थक कदम उठाए जा रहे हैं। युवाओं को स्वरोजगार एवं स्टार्टअप सहायता प्रदान करने की कांग्रेस सरकार की गारंटी को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राजीव गांधी स्वरोजगार योजना की घोषणा की है। इसके अंतर्गत विभिन्न उद्यमों के साथ-साथ डेंटल क्लीनिक में मशीनरी एवं औजार, मत्स्य इकाइयों, ई-टैक्सी तथा एक मैगावाट तक की सौर ऊर्जा परियोजनाएं शामिल की जाएंगी। युवाओं को उनकी अपनी अथवा लीज पर ली गई भूमि पर 250 किलोवाट से दो मैगावाट तक की सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित करने के लिए 40 प्रतिशत अनुदान सहित अनुमति दी जाएगी। इन परियोजनाओं से उत्पन्न बिजली की खरीद राज्य विद्युत बोर्ड द्वारा की जाएगी। आर्थिकी को सुदृढ़ करने तथा युवाओं को प्रोत्साहन के लिए मछली पालन के लिए तालाब निर्माण पर 80 प्रतिशत उपदान दिया जाएगा। 120 नई ट्राउट इकाइयों का निर्माण किया जाएगा।

# टिक्कर-खमाड़ी सड़क से मिलेगी 15 पंचायतों को सुविधा



लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह शुक्रवार को रामपुर सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ बैठक में संवाद करते हुए • जागरण

संवाद सहयोगी, रामपुर बुशहर : लोक निर्माण, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शुक्रवार को रामपुर सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से 100 करोड़ रुपये की प्रस्तावित टिक्कर-खमाड़ी सड़क पर चर्चा की और दिशानिर्देश दिए ताकि ननखड़ी क्षेत्र की 15 पंचायतों के लोगों को सड़क सुविधा का लाभ मिल सके। उन्होंने रामपुर विधानसभा क्षेत्र के दुर्गम क्षेत्र 15/20 में संपर्क मार्गों व हिमाचल पथ परिवहन निगम के अधिकारियों को नियमित बस सेवा प्रदान करने के आदेश दिए। स्थानीय विधायक नंदलाल ने रामपुर विधानसभा क्षेत्र की कार्यशील योजनाओं एवं समस्याओं से लोक निर्माण मंत्री को अवगत करवाया।

विक्रमादित्य सिंह ने महात्मा गांधी चिकित्सा संस्थान खनेरी के ट्रामा वार्ड के कार्य, राजकीय महाविद्यालय ननखड़ी, दत्तनगर स्पोर्ट्स हास्टल,

**रामपुर में विक्रमादित्य सिंह ने अधिकारियों से किया सीधा संवाद, परियोजना प्रभावितों को मिले रोजगार में प्राथमिकता**

पीजी कालेज रामपुर के साइंस भवन और महात्मा गांधी इंजीनियरिंग कालेज ज्यूरी के निर्माण कार्य पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से सीधा संवाद किया। विक्रमादित्य सिंह ने लुहरी परियोजना अधिकारियों से प्रोजेक्ट के प्रभावितों को रोजगार में प्राथमिकता देने का आह्वान किया। यदि परियोजना प्रभावितों को मुआवजा या नौकरियों में प्राथमिकता नहीं मिलती है तो वे आंदोलन कर सकते हैं। बैठक में एसडीएम निशांत तोमर, मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग सुरेंद्र पाल जोगटा, पुलिस उप अधीक्षक शिवानी, रामपुर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सतीश वर्मा, चंद्रप्रभा नेगी, प्रीति कश्यप और दीपक सूद उपस्थित रहे।

दैनिक जागरण

08 APR 2023

# किलो आधार पर फल खरीदने की शर्त पर ही बनेंगे लाइसेंस

## टेलिस्कोपिक कार्टन को अगले सीजन तक बंद करने की तैयारी

**राज्य ब्यूरो, शिमला :** हिमाचल प्रदेश में सेब व अन्य फलों का कारोबार करने वाले आढ़तियों के लाइसेंस किलो आधार पर खरीदारी की शर्त पर ही बनेंगे। तभी उनका नवीनीकरण भी होगा। इस संबंध में हिमाचल प्रदेश मार्केटिंग बोर्ड ने व्यापक दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। सेब बागवानों के साथ उनकी समस्याओं को लेकर हुई चार दौर की बैठक के बाद सुक्खू सरकार ने फलों की किलो आधार पर खरीदारी करने का निर्णय लिया है। हालांकि अभी सेब की पैकिंग के लिए टेलिस्कोपिक कार्टन को बंद नहीं किया है। सूत्रों के अनुसार अगले सीजन में इसे बंद करने की तैयारी है।

सेब को टेलिस्कोपिक कार्टन या यूनिवर्सल कार्टन और ट्रे को मार्केट में बेचने के लिए उपयोग कर सकते हैं, लेकिन इनमें 24 किलोग्राम से ज्यादा सेब नहीं भरा जा सकेगा। इस सीजन के लिए कई बागवानों ने पहले से टेलिस्कोपिक कार्टन खरीद लिए हैं। बाजार में ये कार्टन बिक भी रहे हैं। ऐसे में बागवानों को सुविधा दी गई है। प्रत्येक मंडी व नीलामी स्थल में नमूना पेटियों का भार करना अनिवार्य होगा। इसके लिए कमीशन एजेंट यानी आढ़ती को माप तोल मशीन को रखना अनिवार्य कर दिया है।

**विवाद होने पर उपसमिति करेगी निर्णय :** स्थायी मार्कर के साथ कार्टन या बाक्स पर समान या फल के नाम के साथ उसका भार लिखना होगा। पेटी के भार के संबंध में किसी भी विवाद के मामले में, विक्रेता, क्रेता, कमीशन एजेंट और कृषि उपज मंडी समिति (एपीएमसी) के प्रतिनिधि वाली एक उप-समिति, एपीएमसी की तोल मशीन पर नमूनों का भार करेगी। इस प्रकार प्राप्त भार को अंतिम माना जाएगा।

- प्रदेश में अब 24 किलोग्राम से अधिक की नहीं होगी सेब की पेटी
- हिमाचल प्रदेश मार्केटिंग बोर्ड ने खरीद के लिए निर्देश जारी किए

### इन अधिकारियों को जांच व कार्रवाई का जिम्मा

सभी एसडीएम, तहसीलदार व नायब तहसीलदार, सभी कृषि व बागवानी के उप निदेशक एवं कृषि विषय विशेषज्ञ, हिमाचल प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड के वरिष्ठ विपणन अधिकारी और विपणन अधिकारी और सभी कृषि उपज मंडी समितियों के समस्त सचिव को शामिल किया गया है।



सेब व अन्य फलों व सब्जियों की खरीदारी व नीलामी किलो के आधार पर होगी। आढ़तियों के लाइसेंस इसी शर्त के आधार पर बनेंगे और उनकी नवीनीकरण होगा।

-जगत सिंह नेगी, बागवानी मंत्री।

बागवानों के हित में निर्णय लिया है, लेकिन यूनिवर्सल कार्टन को लागू करने की आवश्यकता है। अब भी आढ़ती और लदानी बागवानों को मजबूर करेंगे कि वे 32 से 38 किलो सेब कार्टन में लाएं और किलो की दर से सेब नहीं बिकेगा।

-संजय चौहान, बागवान एवं संयुक्त किसान मंच।



यूनिवर्सल कार्टन © जागरण

### क्या है यूनिवर्सल व टेलिस्कोपिक कार्टन

यूनिवर्सल कार्टन में केवल 10 और 20 किलो सेब की पैकिंग हो सकती है। इसे फिक्सड कार्टन कहते हैं। इसमें अधिक सेब नहीं भरा जा सकता है। जबकि टेलिस्कोपिक कार्टन में दो पेटियां या लिफाफों की तरह एक इनर और दूसरा आउटर वाला होता है। आढ़ती पहले इनर वाले को भर देते हैं फिर आउटर वाला लगा देते हैं। उसको इतना ऊपर उठा देते हैं कि 20 किलोग्राम की पेटी में 34 से 38 किलोग्राम सेब भर देते हैं। ऐसे में दो पेटियों में तीन तैयार हो जाती हैं, जबकि बागवान से एक हजार से 1500 रुपये में खरीदी गई सेब की पेटी से बाद में अतिरिक्त तह को निकाल अलग बेचा जाता है।

दैनिक जागरण 08 APR 2023

54

# राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ की बैठक

### हिमाचल समेत इन सात राज्यों ने बढ़ाई चिंता

आइएएनएस के अनुसार, बैठक में मांडविया ने कहा कि सात राज्यों से कोरोना के ज्यादा मामले आ रहे हैं, जिसके चलते संक्रमण दर बढ़ रही है। इन राज्यों में केरल, महाराष्ट्र, दिल्ली, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडु और हरियाणा शामिल हैं। मांडविया ने इस बात पर जोर दिया कि अभियान चलाकर लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाई जानी चाहिए।

### 203 दिन बाद आए छह हजार से ज्यादा मामले

प्रेट्र के अनुसार, भारत में शुक्रवार को कोरोना के 6,050 मामले दर्ज किए गए। पिछले 203 दिनों में संक्रमण का यह सबसे ज्यादा आंकड़ा है। इससे पहले पिछले साल 16 सितंबर को कोरोना के 6,298 मामले दर्ज किए गए थे। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा अपडेट किए गए आंकड़ों के अनुसार, देश में सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 28,303 हो गई है। पिछले 24 घंटे में महामारी से 14 मरीजों की मौत हो गई।

## हिमाचल में तीन माह से नहीं हुई आपूर्ति केंद्र से फिर मांगी कोरोना वैक्सीन

- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से बोले शांडिल, राज्य में वैक्सीन खत्म
- हिमाचल में पर्याप्त बिस्तरों और वेंटीलेटर की है उपलब्धता

राज्य ब्यूरो, शिमला : हिमाचल ने केंद्र से कोरोना वैक्सीन की आपूर्ति करने की मांग की है। हिमाचल के स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया से कोरोना वैक्सीन उपलब्ध करवाने को कहा है। शांडिल ने कहा कि राज्य में कोरोना वैक्सीन खत्म हो गई है। प्रदेश को तीन माह से कोरोना वैक्सीन नहीं मिली है। ऐसे में लोगों को वैक्सीन देने का काम बंद है। प्रदेश में अब भी 25 लाख लोगों ने सतर्कता डोज नहीं लगाई है। प्रदेश सरकार ने एक लाख वैक्सीन की डोज की मांग की थी जो अभी तक नहीं आई है।



धनीराम शांडिल • जागरण आर्काइव

शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री ने राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों की वर्चुअल मीटिंग की। केंद्रीय मंत्री ने जल्द ही वैक्सीन उपलब्ध करवाने की बात कही।

शांडिल ने बताया कि वर्तमान में राज्य में सक्रिय मामले 1739 हैं। एक सप्ताह के दौरान संक्रमण दर 6.6 प्रतिशत रही। अस्पतालों में उपचाराधीन कोरोना रोगियों की प्रतिशतता 0.9 है। प्रदेश में हर दिन पांच हजार सैंपल की जांच की जा रही है। राज्य में पर्याप्त बिस्तरों व वेंटीलेटर की उपलब्धता है। आक्सीजन की पर्याप्त आपूर्ति है। राज्य सरकार नियमित रूप से स्थिति की निगरानी कर रही है।

# बागवानों के हित

हिमाचल प्रदेश की आर्थिकी में बागवानी भी महत्वपूर्ण है। लगभग 5000 करोड़ रुपये का सेब का कारोबार होता है। इसके अलावा गुठलीदार, आम और नींबू प्रजाति के फलों का भी कारोबार होता है। आढ़तियों से धोखाधड़ी की शिकायतें हर साल आती हैं। अन्य राज्यों के आढ़ती लाखों के फल ले जाते हैं लेकिन बाद में पैसे नहीं देते हैं। सेब की खरीद के दौरान भी गड़बड़ी होती रही है। अभी तक सेब की खरीद पेटियों के अनुसार ही की जाती रही है। एक पेटी का भार 20 किलोग्राम माना जाता है लेकिन उसमें कई बार 30-35 किलोग्राम से भी अधिक सेब भर दिए जाते हैं। सरकार ने बागवानों की इस समस्या को ध्यान में रखकर इस बार किलोग्राम के अनुसार ही सेब बिक्री करने का निर्णय लिया है। अब प्रदेश में उन्हीं आढ़तियों के लाइसेंस बन सकेंगे और नवीनीकरण हो सकेगा, जो फलों की खरीदारी किलोग्राम की शर्त मानेगा। सरकार के निर्णय से बागवानों को उपज का सही दाम मिल सकेगा। सरकार को इस तरह की व्यवस्था भी सुनिश्चित करनी होगी कि बागवानों से ठगी न हो सके। फलों की खरीदारी करने वाले व्यापारियों का रिकार्ड रखा जाए ताकि यदि कोई व्यापारी किसी बागवान से ठगी करता है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जा सके। बागवानों को भी चाहिए कि वे भी जागरूक हों। यदि उनके पास कोई व्यापारी सीधे आता है तो उसके बारे में हर तरह की जानकारी ली जाए। बागवान अब भी यूनिवर्सल कार्टन शुरू करने की मांग कर रहे हैं। उन्हें शंका है कि अब भी व्यापारी बागवानों को कार्टन में अधिक सेब लाने के लिए बाध्य करेंगे। सरकार को बागवानों की इस मांग पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। यदि इससे बागवानों के हित सुरक्षित रहते हैं और किसी तरह की दिक्कत न हो तो यूनिवर्सल कार्टन को लागू किया जाना चाहिए।

**किलोग्राम में ही फलों की बिक्री से बागवानों के हित सुरक्षित होंगे**

दैनिक जागरण

08 APR 2023

# अब 50 रुपये देकर वोट बनाने पहुंच रहे हैं लोग

जागरण संवाददाता, शिमला : शहर में नगर निगम चुनाव के लिए 50 रुपये देकर वोट बनाने की प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू हो गई। अगले दो दिन और संभावित प्रत्याशी, स्थानीय लोग अपना वोट बना सकेंगे। इसके लिए उन्हें एक फार्म भरकर आधार कार्ड और अपना पहचान पत्र लगाना होगा। यहां पर रहने का कोई दस्तावेज भी लगाना होगा। इसके आधार पर वे अपना वोट बना सकेंगे। शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय में वोट बनाने के लिए निवर्तमान पार्षद से लेकर संभावित प्रत्याशी काफी संख्या में पहुंचे। अपने हाथ में 20 से 30 फार्म लेकर सभी नेता सुबह से ही यहां पहुंच रहे थे। इससे पहले प्रशासन की ओर से अंतिम मतदाता सूची वीरवार को जारी कर दी गई थी। इसमें 84,932 वोटरों को शामिल किया गया है। उपायुक्त आदित्य नेगी का कहना है कि राज्य चुनाव आयोग के निर्देशानुसार वोट बनाने के लिए समय दिया गया है।

## उपमुख्यमंत्री को प्रचार कमेटी का अध्यक्ष बनाने पर खुशी जताई

जागरण संवाददाता, शिमला : राजधानी शिमला में नगर निगम चुनाव में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री को चुनाव प्रचार कमेटी का अध्यक्ष बनाने पर एनएसयूआइ के राज्य उपाध्यक्ष वीनू मेहता ने खुशी जताई है। वीनू मेहता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का हर कार्यकर्ता दिन-रात मेहनत करके नगर निगम चुनाव की जीत को सुनिश्चित करेगा।

## कांग्रेस चुनाव जीतने के लिए अपना रही कई हथकंडे : नंदा

जागरण संवाददाता, शिमला : भाजपा के सह मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा का कहना है कि भाजपा नगर निगम चुनाव के लिए तैयार है। कांग्रेस इस चुनाव को जीतने के लिए कई हथकंडे अपना रही है। पहले कांग्रेस ने मतदाता सूची का चयन अपने हिसाब से किया। कांग्रेस सरकार ने 41 वार्डों को फिर 34 वार्ड बना डाला। भाजपा ने पूर्व मंत्री एवं विधायक सुखराम चौधरी को निगम चुनाव का प्रभारी नियुक्त किया है। इनके साथ पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज, शिमला शहरी से प्रत्याशी रहे संजय सूद, रवि मेहता, विधायक त्रिलोक जम्वाल, चेतन बरागटा, बिट्टू भाई शर्मा सहित अन्य को चुनाव का जिम्मा सौंपा है। हाल ही में वार्ड के प्रभारी, सह प्रभारी भी तैनात किए हैं। भाजपा के पास सशक्त नेतृत्व है जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप लगातार कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन कर रहे हैं।

दैनिक जागरण

0 APR 2023

# विधानसभा सत्र समाप्त होते ही बैठकें शुरू




**जागरण संवाददाता, शिमला :** राजधानी शिमला में विधानसभा का बजट सत्र समाप्त होने के बाद शहर में फिर से राजनीतिक गतिविधियां बढ़ गई हैं। नगर निगम चुनाव को लेकर कांग्रेस और भाजपा के साथ माकपा ने भी प्रत्याशियों के चयन के लिए वार्डों से लेकर अपने मुख्य कार्यालय में बैठकों का दौर शुरू कर दिया है। निगम चुनाव के लिए नामांकन पत्र 13, 17 और 18 अप्रैल को भरे जाने हैं। हालांकि इससे पहले प्रत्याशियों को फाइनल करने के लिए राज्य सरकार के मंत्री अपने चुनावी हलके के वार्डों के संभावित प्रत्याशियों की बैठक ले रहे हैं।

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शनिवार को करीब ढाई बजे अपने चार वार्डों के संभावित प्रत्याशियों को फाइनल करने के लिए बैठक बुलाई। इसी तरह पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह भी शहर में प्रत्याशियों को फाइनल करने के लिए बैठक कर सकते हैं। उनके पास कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र के 12 वार्ड हैं। वहीं राजधानी शिमला में विधायक हरीश जनार्था ने भी प्रत्याशियों को फाइनल करने के लिए लोगों से संपर्क और फीडबैक लेना शुरू कर दिया है। आने वाले दिनों में जल्द ही पार्टी प्रत्याशियों को फाइनल कर चुनाव मैदान में उतारेगी। कांग्रेस नगर निगम चुनाव जीतने के लिए रणनीति बना रही है।

**सरकार के मंत्रियों के जवाब में भाजपा उतारेगी पूर्व मंत्री:** शहर में कांग्रेस ने अपने दो मंत्रियों के साथ ही उप मुख्यमंत्री सहित कई अन्य मंत्री और विधायक भी चुनाव मैदान में उतारे हैं। नगर निगम चुनाव में विक्रमादित्य सिंह, अनिरुद्ध सिंह व हरीश जनार्था के साथ शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर सहित जिले के कई विधायकों पर ज्यादा जिम्मा रहेगा। राज्य सरकार के कई मंत्री चुनावी समर में उतर कर अपने प्रत्याशियों के लिए प्रचार करेंगे। वहीं भाजपा ने भी पूर्व मंत्रियों को चुनावी मैदान में उतारने की तैयारी कर ली है। इनकी सूची तय है और जल्द वे फील्ड में उतरेंगे। हालांकि भाजपा में अभी तक पूर्व शहरी विकास मंत्री सुरेश भारद्वाज का चुनावी बैठकों में न आना पार्टी के लिए चिंता का विषय बना हुआ है।

## हर चुनाव में हावी रहती है क्षेत्रवाद की राजनीति

- ऊपरी शिमला से लेकर सोलन जिला के कुछ विधानसभा हलकों से रहते हैं प्रत्याशी
- संजौली, ढली व कसुम्पटी में ऊपरी शिमला, टुटू व मज्याठ में अर्की के उतारे जाते रहे हैं प्रत्याशी

**जागरण संवाददाता, शिमला :** शहर के नगर निगम चुनाव में क्षेत्रवाद की राजनीति हावी रहती है। शहर के कई वार्डों में ऊपरी शिमला तो कुछ वार्डों में सोलन जिला के अर्की से संबंध रखने वालों को प्रत्याशी बनाया जाता है। कांग्रेस व भाजपा के साथ माकपा भी प्रत्याशी के चयन में क्षेत्र को देखते हुए ही फैसला लेती है। राजधानी के 34 में 10 से ज्यादा वार्ड तो ऐसे हैं जहां पर ऊपरी शिमला के प्रत्याशियों को ही चुनावी समर में उतारा जाता है। इसमें भी जुब्बल-कोटखाई से संबंध रखने वाले प्रत्याशियों की संख्या काफी रहती है।

इसी तरह से टुटू व मज्याठ से प्रत्याशी चयन के लिए सोलन जिला के अर्की से प्रत्याशी चुनावी समर में उतारे जाते हैं। कसुम्पटी के चुनावी क्षेत्र में स्थानीय प्रत्याशी को उतार चुनाव में फायदा लेने का प्रयास किया जाता है। शिमला ग्रामीण में सोलन जिला से संबंध रखने वाले वोटरों की संख्या टुटू, मज्याठ व बालूगंज की ज्यादा रहती है। हर बार निगम चुनाव में 34 में से 15 से 20 प्रत्याशी ऊपरी शिमला से संबंध रखने वाले होते हैं। पिछले नगर निगम चुनाव पर नजर दौड़ाएं तो भाजपा कार्यकाल की पहली महापौर, दूसरी महापौर व उपमहापौर ऊपरी शिमला से संबंध रखते थे। महज भाजपा शासित निगम में पहले कार्यकाल के उपमहापौर राकेश शर्मा का संबंध ऊपरी शिमला से नहीं था। शहर में एक बार महापौर पद के लिए प्रत्यक्ष चुनाव हुए तो भी उस समय माकपा ने ऊपरी शिमला के प्रत्याशी पर दांव खेला और पहली बार निगम में कब्जा किया था।

### शहर में इस आधार पर बंटते हैं वोटर

राजधानी शिमला के नगर निगम चुनाव में जुब्बल-कोटखाई से लेकर ठियोग, रोहड़ू, रामपुर स्थानीय, निचले हिमाचल से लेकर हर तरह से शहर में वोटरों की संख्या को देखते हुए प्रत्याशी तय किए जाते हैं। शहर के लोअर बाजार व रामबाजार से लेकर जाखू क्षेत्र में निचले हिमाचल के काफी वोटर रहते हैं। इन वार्डों में यहां से संबंध रखने वाले लोगों को प्रत्याशी बनाया जाता है।

दैनिक भास्कर 8 APR 2023

57

## मुख्यमंत्री से मिला नादौन का प्रतिनिधिमंडल विकास कार्यों को लेकर विस्तार से की चर्चा



नादौन | नादौन क्षेत्र के लोगो का एक प्रतिनिधिमंडल कांगड़ा बैंक के डायरेक्ट मोती जोशी के नेतृत्व में सीएम सुक्खू से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने सीएम से विकास कार्य पर चर्चा की। जोशी ने कहा कि एचआरटीसी का डिपो खोलने की जनता की लंबे समय से मांग चली आर ही थी। भाजपा सरकार ने इस मांग को अनदेखा ही किया। उन्होंने कहा कि एचआरटीसी का डिपो बनने से क्षेत्र के लोगो को काफी लाभ मिलेगा क्योंकि नादौन से पड़ोसी राज्यो को आने जाने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था।

### लोक निर्माण मंत्री ने रामपुर उपमंडल के विभागाध्यक्षों के साथ की बैठक

# सेब सीजन शुरू होने से पहले खस्ताहाल सड़कों को दुरुस्त करवाएं अधिकारी: विक्रमादित्य

भास्कर न्यूज | रामपुर बुशहर

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह द्वारा सेब सीजन से पहले खस्ताहाल सड़को को दुरुस्त करने के कई आदेश जारी किए गए हैं। उन्होंने शुक्रवार को रामपुर के परिधिगृह में सभी विभागो के अधिकारियों के साथ बैठक की। जहां पर रामपुर की सड़कों की खस्ताहालत पर विस्तार से चर्चा हुई। लोक निर्माण मंत्री ने रामपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी सड़को का ब्योरा मांगा। साथ ही लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को ये आदेश जारी किए कि जो भी सड़क खस्ताहालत में है और जिस सड़क का काम सुस्त गति से चल रहा है उसमें तेजी लाई जाए। सभी अधिकारी काम को पूरा करने की एक अवधि तय करें और उस आधार पर काम करे। उन्होंने कहा कि ये रामपुर में पहली बैठक है तो सभी अधिकारी अभी अपने अपने कार्यक्षेत्र में चल रहे कार्यों को ब्यौरा दें। लेकिन अगली बैठक में सभी ये उनके कार्य का आगे का ब्यौरा मांगा जाएगा। उन्होंने कहा कि रामपुर का विकास उनकी प्राथमिकता है।



लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह विभागों के अधिकारियों से बैठक करते हुए।

उन्होंने शाणाधार से श्राईकोटी, दारनघाटी सड़क, मशनु से घराट, पाजीधार से चंडीबादा, ननखड़ी महोग सड़क, सुंगरी बान्दली सड़क, काशापाट सड़क, किन्नू सड़क पर चल रहे कार्यों को जल्द पूरा करने की बात कही। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को ये आदेश जारी किए कि वह सेब सीजन से पहले सड़को को दुरुस्त करें, जो सड़क खराब है अगर उस सड़क के लिए बजट नहीं है तो उच्च विभाग को तुरंत एस्टीमेट भेजे। वहीं उन्होंने रामपुर में ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करके उसे ठीक करने की बात कही। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग को ये भी आदेश दिए कि जिन विभागों का पैसा उनके पास जमा है उनका कार्य जल्द पूरा किया जाए। जिसमें दत्तनगर स्थित स्पोर्ट्स हास्टल, खनेरी अस्पताल का ट्रामा सेंटर, कालेज का साइंस ब्लॉक, इंजीनियरिंग कॉलेज कोटला का शेष बचे कार्य को जल्द पूरा करने की बात कही। वहीं उन्होंने अन्य विभागों के अधिकारियों को भी ये निर्देश दिए कि वह भी अपने विभाग के कार्यों में गति लाए।

विधायक नंदलाल, एसडीएम रामपुर निशांत तोमर, डीएसपी रामपुर शिवानी मेहला, लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता सुरेंद्र पाल जगोटा, अधिशाषी अभियंता रजनीश बहल, एसएच विभाग से केएल सुमन, बिजली विभाग से कुकू शर्मा, आईपीएच विभाग से आरएस नेगी, डॉ. पदम शर्मा, चंद्र कश्मीरी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सतीश वर्मा, जिला परिषद अध्यक्षा चंद्रप्रभा नेगी आदि मौजूद थे।

**नगर परिषद के दो वार्डों में प्रस्तावित सड़क का जल्द होगा कार्य शुरू:** लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने ल्हासा और खोपड़ी सड़क के कार्य जल्द शुरू करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग को दिए। उन्होंने कहा कि इन सड़कों के लिए एसडीएम कार्यालय के पास जमा राशि को खर्च किया जाएगा। जिसके लिए उन्होंने एसडीएम निशांत तोमर को जल्द राशि जारी करने की बात कही।

### मार्च की पेंशन नहीं आई खाते में, बुजुर्ग अवस्था में उठानी पड़ रही है आर्थिक परेशानी

# मंच की जिला इकाई ने प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ खोला मोर्चा, बयानबाजी को लेकर मांगा त्यागपत्र

भास्कर न्यूज | हमीरपुर

हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच की जिला इकाई ने प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। यहां बाकायदा बैठक आयोजित कर प्रदेश अध्यक्ष की ओर से की बयानबाजी के बाद अब उनका त्यागपत्र मांगा है। मंच की बैठक जिला अध्यक्ष अजमेर ठाकुर की अध्यक्षता में शुक्रवार को यहां आयोजित की गई।

जिसमें कहा गया कि मंच के प्रदेशाध्यक्ष बलराम पुरी ने जो बयान वर्तमान सरकार के प्रति नगरोटा बगवां में दिया है वह बेहद निंदनीय है। इसमें कल्याण मंच की छवि धूमिल हुई है, इसलिए पूरी को कल्याण मंच से त्यागपत्र दे देना चाहिए। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष ओम प्रकाश और प्रदेश सचिव नंदलाल भी विशेष तौर पर उपस्थित थे। मंच के जिला पदाधिकारियों में बलदेव सिंह, रघुनाथ, कुलवंत, शालिग्राम, बलवीर पठानिया, सुरेंद्र कुमार, पवन कुमार, सुदेश, होशियार सिंह, योगराज, पुरुषोत्तम सहित कई पेंशनर्स मौजूद थे।



हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच के पदाधिकारी।

**समय पर नहीं नहीं मिल रही पेंशन:** बैठक में निगम के सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने रोष जताते हुए कहा कि समय पर उन्हें पेंशन नहीं दी जा रही है। मार्च की अभी तक भी उनके खातों में रिलीज नहीं की है। बुजुर्ग अवस्था में उन्हें आर्थिक परेशानी से दो-चार होना पड़ रहा है, लेकिन निगम प्रबंधन इसका हल नहीं निकाल पा रहा। बैठक में 2015 से पहले के 46 प्रतिशत डीए की बकाया राशि देने 65-70-75 वर्ष पूरे कर चुके सेवानिवृत्त कर्मचारियों को 5-10-15 प्रतिशत वृद्धि करना रिवाज पेंशन की बकाया राशि का भुगतान करना चिकित्सा बिलों का भुगतान करना व एक जनवरी 2016 के बाद सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को रिवाइज पेंशन देना की मांगें शामिल है, जिनका निगम शीघ्र हल करे।

बैठक में मंच के पूर्व कोषाध्यक्ष कशमीर सिंह के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया गया और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं प्रकट की हैं।

**8000 से ज्यादा हैं पेंशनर:** मंच का कहना है कि प्रदेश भर में निगम के 8000 से ज्यादा सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं। 2016 के बाद अन्य विभागों में सेवानिवृत्त पेंशनर को रिवाइज पेंशन का लाभ मिलता रहा है, लेकिन निगम के पेंशनर को यह अभी तक नहीं मिल पाया है। पेंशन का भुगतान हर महीने के पहले सप्ताह में करने की मांग को आश्वासनों देने के बावजूद पूरा नहीं किया। अब प्रदेश में सरकार बदली है तो नहीं सरकार से आशाएं हैं कि निगम प्रबंधन को इस ओर दिशा निर्देश देकर निगम के पेंशनर को हर माह की 1 तारीख को दूसरे विभागों की तर्ज पर पेंशन देने के निर्देश जारी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि निगम प्रबंधन उनकी हर मांग को अति शीघ्र पूरा करें क्योंकि 2015 से पहले के 46 प्रतिशत डीए की बकाया राशि को दिया जाना है, लेकिन अभी तक भी उसे नहीं दिया गया है और लगातार सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए पेंडिंग राशि बढ़ती जा रही है।

---

**रखी बात •** विधानसभा में विधायक चन्द्रशेखर और दिल्ली में मजदूर नेता भूपेंद्र ने उठाई मनरेगा की मांग

# धर्मपुर को मनरेगा व ग्रामीण विकास का मॉडल बनाने का सुझाव

भास्कर न्यूज | सरकाघाट

मनरेगा के बजट में कटौती, ऑनलाइन हाजिरी, बीस कार्यो की शर्त, मूल्यांकन के लिए शेड्यूल बनाने और अन्य समस्याओ के बारे मे धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर द्वारा 5 अप्रैल को विधानसभा में मुद्दा उठाया गया तो वहीं मजदूर नेता भूपेंद्र सिंह की अगुवाई मे सड़कों पर प्रदर्शन जारी हैं। 5 अप्रैल को ही रामलीला मैदान दिल्ली मे देशव्यापी विरोध प्रदर्शन हुआ जिसमे धर्मपुर से मनरेगा मजदूरों ने उनकी अगुवाई में भारी तादाद में हिस्सा लिया। मनरेगा मजदूर यूनियन धर्मपुर ने विधायक चंद्रशेखर द्वारा मजदूरों की मांगों के बारे विधानसभा में रखे प्रस्ताव का स्वागत किया है और उनका इसके लिए धन्यवाद किया है। यूनियन के खंड अध्यक्ष करतार सिंह, सचिव प्रकाश वर्मा, प्रताप सिंह, कौल सिंह, रामनाथ शर्मा, कश्मीर सिंह, कीर्णवाला शर्मा, रीतू देवी, रोहणी देवी, सुरेशां, जमीला, शोमा, कृष्णि, निलमा, सरोजनी, रीना, सिमरो, सीमा, शांता, अन्नू, मनसा, वीना, सुमना देवी आदि ने कहा कि चंद्रशेखर ने मनरेगा कार्यों की असेसमेंट करने के लिए अलग शेड्यूल बनाने के बारे में मनरेगा कानून बनने के अठारह साल बाद विधानसभा में चर्चा हुई जो स्वागत योग्य है और मजदूरों के जायज हक दिलाने के लिए विधायक ने सराहनीय पहल की है। मजदूरों को न्यूनतम 350 रु दिहाड़ी देने की मांग भी विधानसभा में रखी है। यूनियन के राज्य महासचिव व श्रमिक कल्याण बोर्ड के सदस्य भूपेंद्र सिंह ने बताया कि मनरेगा कानून जो 2005 से लागू किया गया था उसमें मनरेगा के लिए अलग शेड्यूल बनाने के निर्देश राज्य सरकारों को दिए गए थे लेकिन आज तक किसी भी सरकार ने इसे लागू नही किया। उन्होंने विधायक से मांग की है की धर्मपुर में मनरेगा और अन्य विकास कार्यों को करवाने के लिए मॉडल के रूप में विकसित किया जाए। । जबकि पूर्व में धर्मपुर ठेकेदारी का मॉडल था और मनरेगा मजदूरों को 55-60 दिनों का ही काम मिलता था। अब इसमें सुधार करने के लिए वर्ष के शुरू में ही पंचायतों और बीडीओ को निर्देश दिए जाने चाहिए और इसकी समीक्षा हर तीन महीने में होनी चाहिए जिसके लिए मजदूर यूनियन सहयोग करने के लिए तैयार है।

**• केंद्र मनरेगा को कमजोर करने में लगा: भूपेंद्र...** भूपेंद्र सिंह ने बताया कि केंद्र की भाजपा सरकार जानबूझकर मनरेगा योजना को कमजोर कर रही है और इस वर्ष के लिए कुल बजट में 20 हजार करोड़ रुपए कम कर दिया है। जिसके खिलाफ दो दिन पहले दिल्ली में एक बड़ी विरोध रैली हुई है। भूपेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा की सरकार तो इस कानून को शुरू से ही कमजोर कर रही थी और अब तो बजट में भारी मात्रा में कमी करके ये सब साबित हो गया है। उन्होंने कहा कि इस बार धर्मपुर से चुने गए विधायक मजदूरपक्षी नजरिये के तहत लगातार मनरेगा योजना के बारे मे विधानसभा में मुद्दा उठा रहे हैं जबकि पूर्व विधायक और मंत्री जो ठेकेदारों की बात ज्यादा करते थे और मनरेगा मजदूरों की हर कहीं खिल्ली उड़ाते थे।



दिल्ली रैली मे पहुंचे धर्मपुर के मनरेगा मजदूर।

दैनिक भास्कर 8 APR 2023

59

**बैठक में जताया रोष • पुराना बस स्टैंड में हुई बैठक के दौरान पेंशनरों ने उठाए कई मुद्दे**

# एचआरटीसी के पेंशनरों ने हक के लिए उठाई आवाज, सरकार पर लगाया अनदेखी का आरोप

भास्कर न्यूज | ऊना



ऊना: बैठक में मांगों को लेकर विचार मंथन करते एचआरटीसी के पेंशनर्स

हिमाचल पथ परिवहन निगम से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारी पिछले लंबे समय से अपने हकों के लिए आवाज बुलंद कर रहे है। लेकिन मांगें पूरी न होने पर सेवानिवृत्त कर्मियों का रोष भी बढ़ता जा रहा है। हिमाचल पथ परिवहन निगम सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण संगठन की अहम बैठक शुक्रवार को जिला मुख्यालय के पुराना बस अड्डा परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के जिला अध्यक्ष किशोरी लाल ने की। एचआरटीसी से सेवानिवृत्त हुए इन बुजुर्गों ने उन्हें हर महीने समय से पेंशन न मिलने पर रोष व्यक्त किया और एचआरटीसी अधिकारियो पर उनकी पेंशन का पैसा दूसरे कार्यों में खर्च करने का आरोप जड़ा। वहीं सरकार पर भी सेवानिवृत्त कर्मियों की अनदेखी का आरोप लगाया। ऊना में हुई बैठक के दौरान सेवानिवृत्त कर्मियों ने मांगे पूरी न होने की दिशा में आगामी रणनीति भी तैयार की गई। हिमाचल पथ परिवहन निगम कर्मचारी कल्याण संगठन के जिलाध्यक्ष किशोरी लाल ने कहा कि एचआरटीसी से रिटायर हुए बुजुर्गों से सरकार और विभाग लगातार सौतेला व्यवहार कर रहा है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मियो को समय से पेंशन नहीं मिल रही है जबकि 22 मार्च को सेवानिवृत्त कर्मियों को पेंशन का भुगतान हुआ है। उन्होंने कहा कि एचआरटीसी के अधिकारी सेवानिवृत्त कर्मियों की पेंशन का पैसा दूसरे कार्यों में खर्च देता है, जिस कारण उन्हें समय पर पेंशन नहीं मिल पाती है। किशोरी लाल ने सरकार से इस मामले मे कड़ा संज्ञान लेने की मांग उठाई है। वहीं किशोरी लाल ने कहा कि सरकार द्वारा सेवानिवृत्त कर्मियों के साथ जल्द ही बैठक करने का वायदा किया था, लेकिन सरकार द्वारा अभी तक बैठक के लिए समय नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि जनवरी 2016 के बाद सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को बढ़ी हुई पेंशन का लाभ अभी तक नहीं मिल पाया है। ऐसे मे हमारी मांग है की बढ़ी हुई पेंशन के साथ-साथ एरियर का भी भुगतान किया जाए।

**अनदेखी का देंगे करारा जवाब :** वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाला अतिरिक्त भत्ता भी अभी तक सरकार द्वारा नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि अगर अब भी प्रदेश सरकार व अधिकारी हमारी मांगो को लेकर अनदेखी करती है तो मजबूर होकर सख्त कदम उठाना पड़ेगा। इस अवसर पर सतपाल शर्मा, रविंद्र कुमार, सहदेव, कश्मीर सिंह, सुरेश चंद, सुभाष चंद, किशन चंद, वीर सिंह, राकेश्वर दत्त, हरपाल सिंह, राम स्वरूप, छोटू राम, सतीश कुमार, विमल प्रशाद समेत अन्य उपस्थित रहे।

**अंडर-13 हॉकी में नॉर्थ जोन ने वेस्ट जोन को 8-0 से हराया:** सोलन: 3 दिवसीय अंडर-13 हॉकी चैंपियनशिप शुक्रवार से ठोडो मैदान में शुरू हो गई। इसमे देश भर के 6 जोन की 12 टीमे भाग ले रही है। प्रतियोगिता शुभारंभ अशोक ध्यानचंद ने किया। प्रथम दिन 10 मुकाबले खेले गए। ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन दिनेश महाजन ने बताया कि एशिया में पहली बार अंडर-13 नेशनल हॉकी आयोजित की जा रही है। इसमें 6 टीमें लड़को और 6 लड़कियो की भाग ले रही हैं। लड़कों के ग्रुप ए मे नार्थ जोन ब्लू ने वेस्ट जोन को 8-0 से मात दी। लड़कियों के ग्रुप ए में सेंट्रल जोन ने वेस्ट जोन को 13-0 से हराया। लड़कों के ग्रुप बी में नार्थ जोन रेड ने ईस्ट जोन को 3-2 से, लड़कियों के ग्रुप बी मे नार्थ जोन ब्लू ने ईस्ट जोन को 3-1 से, लड़कों के ग्रुप ए मे वेस्ट जोन ने साउथ जोन को 11-0 से, लड़कियों के ग्रुप ए मे सेंट्रल जोन ने नार्थ जोन रेड को 1-0 से, लड़कों के ग्रुप बी में नार्थ जोन रेड ने सेंट्रल जोन को 4-0 से, लड़कियों के ग्रुप बी में नार्थ जोन ब्लू ने साउथ जोन को 10-0 से, लड़कों के ग्रुप ए मे नार्थ जोन ब्लू ने साउथ जोन को 8-0 से हराया।

दैनिक भास्कर 08 APR 2023

60

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए केंद्रीय मंत्री कर रहे अच्छा कामः धूमल

## घर द्वार पर प्रशिक्षण देकर महिलाओं को दे रहे रोजगार



सुजानपुर में धूमल ने महिलाओं को वैलनेस किट और प्रमाणपत्र बांटे।

सिटी रिपोर्टर | सुजानपुर

पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने कहा है कि हमीरपुर लोकसभा सांसद अनुराग ठाकुर सांसद निधि को लोकसभा क्षेत्र की सभी पंचायतों में लगा रहे हैं। किस पंचायत में कितना पैसा लगा है इसकी सूचना कोई भी व्यक्ति आरटीआई के माध्यम से प्राप्त कर सकता है। बात चाहे हवाई विस्तार की हो, रेलवे नेटवर्क बढ़ाने की हो, स्वास्थ्य क्षेत्र में हिमाचल को एम्स दिलाने की या फिर हिमाचल में पहली वंदे भारत ट्रेन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों से चलाने की हो हर काम को सांसद ने करके दिखाया है। इसलिए आने वाला समय लोकसभा चुनाव का है हमीरपुर लोकसभा प्रत्याशी को विगत चुनाव की तरह इस बार भी भारी बहुमत से जिताना है। पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने कहा कि महिलाओं को रोजगार व स्वावलंबन बनाने की पहल केंद्रीय सूचना प्रसारण व खेल मंत्री ने योजना चलाई है और महिलाएं नारी शक्ति लड़कियां इसका पूरा फायदा ले रही है। महिलाएं रोजगार कमाएं अपनी आजीविका बढ़ाएं, स्वस्थ रहकर परिवार का पालन पोषण करें, यह सोच केंद्रीय सूचना प्रसारण व खेल मंत्री की है। पूर्व मुख्यमंत्री धूमल ने ग्राम पंचायत उखली के गोठ गांव में महिलाओं को वैलनेस किट और प्रमाण पत्र देते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण शिविर में दर्जनों युवतियां महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं।

## कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने किया करसोग में नलवाड़ मेले का समापन

# प्रदेश में विकास वीरभद्र सिंह की देनः प्रतिभा

करसोग| करसोग में जिला स्तरीय नलवाड़ मेला संपन्न हो गया है। सात दिवसीय इस मेले के समापन समारोह में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष एवम मंडी संसदीय क्षेत्र की सांसद प्रतिभा सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने जन समूह को संबोधित करते हुए भाजपा की पूर्व जयराम सरकार पर तीखे प्रहार किए। उन्होंने कहा की प्रदेश में हुआ अभूतपूर्व विकास स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की देने है। प्रदेश के लिए उनके योगदान को कभी भुलाया नही जा सकता है। इस दौरान प्रतिभा सिंह ने विधायक दीपराज को भी खूब खरी खोटी सुनाई।

प्रतिभा सिंह ने कहा कि करसोग की जनता का स्वर्गीय वीरभद्र सिंह से विशेष लगाव था। यही कारण है कि वीरभद्र सिंह जब जब भी मुख्यमंत्री रहे करसोग के विकास में उन्होंने कोई कमी नही आने दी। यहां सड़कों सहित जितने भी सरकारी संस्थान खुले हैं वे सब वीरभद्र सिंह की देन हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व में रही भाजपा की जयराम सरकार में विकास की गति को विराम लग गया था। ऐसे में पूर्व सरकार के समय में करसोग में भी कोई विकास नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार कभी भी झूठे वादे नहीं करती है। चुनाव के दौरान जनता से जो वादे किए गए हैं, उन्हें पूरा किया जाएगा।



करसोग में नलवाड़ मेले के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि पहुंची प्रतिभा सिंह का स्वागत करते हुए एसडीएम ओमकांत ठाकुर।

नलवाड़ मेले में पुस्तक व विज्ञान प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें करीब 30 निजी व सहकारी स्कूलों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसमें रुट मॉडल स्कूल व सहकारी स्कूल के प्रतिभागी ने प्रथम स्थान हासिल किया। दोनों ही विजेताओं को करसोग के विधायक दीपराज ने 51-51 हजार रुपये के नकद राशि प्रदान की। इस प्रतियोगिता में आईआईटी दिल्ली से 4 सदस्य दल ने भी शिरकत की । इसमें में 10 प्रथम प्रतिभागियों को विधायक अपने निजी खर्चे पर आईआईटी जम्मू व दिल्ली का भ्रमण करवाएंगे ।

करसोग विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवार रहे महेश राज ने भी पूर्व की जयराम सरकार को जमकर कोसा। उन्होंने कहा कि पूर्व की भाजपा सरकार ने करसोग के साथ सौतेला व्यवहार किया हैं। यहां स्कूलों सहित अन्य संस्थानों में रिक्त पदों को पांच साल में नही भरा गया। जिससे स्कूलों में कॉलेज में छात्रों की पढ़ाई बाधित हुई है। इस मौके पर एसडीएम ओमकांत ठाकुर , बीडीओ करसोग अमित कल्थाईक, तहसीलदार कैलाश कौंडल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पृथी सिंह नेगी व अन्य गणयमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे ।

**राहत की बात...** 24 घंटे में 130 कोरोना मरीज ठीक, आईजीएमसी में 23 बेड का मेकशिफ्ट अस्पताल बनाया

# हिमाचल में कोरोना से एक और मौत: एक्टिव केस 2000 के करीब, हमीरपुर और मंडी में सबसे ज्यादा सक्रिय मरीज

भास्कर न्यूज | शिमला

हिमाचल में एक और कोरोना मरीज की मौत हो गई है। 24 घंटे में प्रदेश में कोरोना के 367 नए मरीज मिले। शिमला में कोरोना संक्रमण से एक व्यक्ति की मौत हुई है। आईजीएमसी अस्पताल शिमला ने कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए तैयारियां शुरू कर दी हैं। फिलहाल 23 बेड का मेकशिफ्ट अस्पताल तैयार किया गया है। इसमें कोरोना संक्रमित मरीजों को रखा जा रहा है। हिमाचल में पिछले 4 दिन से रोज कोरोना के 300 से ज्यादा नए मामले सामने आ रहे हैं। हालांकि 24 घंटे में 130 कोरोना मरीज ठीक भी हुए है, प्रदेश में कोरोना के एक्टिव मरीजों का आंकड़ा बढ़कर 1933 पहुंच गया है।




## • 24 घंटे में कांगड़ा में आए सबसे ज्यादा मरीज

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार. कांगड़ा में सबसे ज्यादा 85 नए मरीज पॉजिटिव पाए गए है। मंडी में छेत्र हमीरपुर में 50 बिलासपुर में 1, चंबा में 20, किन्नौर मे 7, कुल्लू में 15, लाहौल स्पीति में 7, शिमला में 19, सिरमौर मे 20, सोलन मे 24, और ऊना मे 13 मरीज कोरोना पॉजिटिव मिले है। आईजीएमसी के एमएस डॉ. राहुल राव और सीएम सुक्खू भी लोगों से अपील कर चुके है कि वे मास्क पहनें। मरीजों और उनके तीमारदारों को मास्क लगाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। मास्क पहनकर ही घर से बाहर निकलना चाहिए। क्योंकि कोरोना हमारे आसपास ही है।

# प्रदेश में वैध होगी भांग की खेती: सुक्खू सरकार ने 5 विधायकों की कमेटी बनाई

### 30 दिन में रिपोर्ट मांगी; भांग की खेती मंजूर करने वाले 4 राज्यों का मॉडल स्टडी होगा

शिमला | सरकार प्रदेश में भांग की खेती को वैध करने की तैयारी में है। इसके लिए सरकार ने 5 सदस्यीय कमेटी का गठन किया है, जिसमें विधायक सुंदर ठाकुर, विधायक हंस राज, विधायक जनक राज और विधायक पूर्ण चंद सदस्य बनाए गए हैं। कमेटी के अध्यक्ष विधायक जगत सिंह नेगी होंगे। कमेटी उन क्षेत्रों का दौरा करेंगी जहां पर भांग की खेती अवैध रूप से की जाती है।

समिति सभी पहलुओं का अध्ययन करने के बाद एक महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी। इसी रिपोर्ट के आधार पर भांग की खेती को वैध करने के बारे में सरकार अंतिम निर्णय लेगी। सरकार राज्य में भांग की खेती को राजस्व अर्जित करने के उद्देश्य से वैध करने की सोच रही है।

**क्या कहता है कानून:** संसद में वर्ष 1985 में एनडीपीएस एक्ट के तहत भांग को परिभाषित किया था, जिसके तहत भांग के पौधे से राल व फूल निकालने पर प्रतिबंध लगाया गया है। राज्यों को केवल फाइबर या बीज प्राप्त करने या बागवानी उद्देश्यों के लिए भांग की खेती की अनुमति देने का अधिकार है।

## उत्तराखंड ने 2017 में भांग की खेती को वैध किया

कई देशों में भांग की खेती को कानूनी मान्यता दी गई है। देश के कई राज्यों में भांग की खेती को कानूनी दायरे में रखा गया है। उत्तराखंड वर्ष 2017 में भांग की खेती को वैध करने वाला देश का पहला राज्य बना। गुजरात, एमपी और यूपी के कुछ जिलों में भी भांग की नियंत्रित खेती की जा रही है। सरकार इन सभी पहलुओं को भी ध्यान में रखते हुए ही कोई निर्णय लेगी। सरकार ये भी सुनिश्चित करना जरूरी समझेगी कि इसका इस्तेमाल नशे के तौर पर न हो।

दैनिक भास्कर 8 APR 2023



# भाजपा को हाईकोर्ट के फैसले का इंतजार, निगम चुनाव प्रत्याशियों की सूची सोमवार को करेंगे जारी

भास्कर न्यूज| शिमला

हाईकोर्ट के फैसले के बाद भाजपा शिमला नगर निगम चुनाव के लिए प्रत्याशियों की सूची सार्वजनिक करेगी। प्रदेश उच्च न्यायालय ने सोमवार तक शिमला नगर निगम चुनाव को लेकर अपना फैसला सुरक्षित रखा है। कोर्ट से फैसला आने के बाद ही भाजपा अपने पत्ते खोलेगी।

शिमला नगर निगम चुनाव के लिए भाजपा ने सभी 34 वार्डों से प्रत्याशियों के 3-3 नामों का पैनल बनाकर हाईकमान को भेज दिया है। पार्टी ने सभी वार्डों से जिताऊ कैंडिडेट के नाम पार्टी हाईकमान को भेजे हैं, जिस पर इन दिनों मंथन चल रहा है। सोमवार तक भाजपा प्रत्याशियों की सूची फाइनल कर देगी। एक तरफ जहां पार्टी प्रत्याशियों के नाम को शॉर्टलिस्ट करने में लगी हुई है, वहीं दूसरी तरफ पार्टी के वरिष्ठ नेता पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर करके उन्हें चुनाव का जीत मंत्र दे रहे हैं। सभी को चुनाव के लिए जिम्मेदारियां सौंपी जा रही है। इससे साफ है कि भाजपा शिमला नगर निगम चुनाव को बिल्कुल भी हल्के में नहीं ले रही।

**• कई दौर की बैठकें कर चुके पार्टी के दिग्गज:** देखा जाए तो भाजपा शिमला नगर निगम चुनाव को लेकर काफी सीरियस है। चुनाव जीतने के लिए भाजपा की कई दौर की बैठके हो चुकी है। यह बैठके नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर से लेकर भाजपा प्रदेश प्रभारी अविनाश राय खन्ना तक ले चुके हैं। इसके अलावा चुनाव जीतने के लिए भाजपा ने 3 स्तर की कमेटियो का भी गठन कर दिया है। कमेटियो मे भाजपा ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से लेकर विधायक और पूर्व विधायको को हर वार्ड का प्रभारी नियुक्त किया है। पार्टी ने सभी नेताओ की ड्यूटी फील्ड मे लगा दी है। प्रत्याशियो को लेकर फीडबैक ली जा रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश प्रभारी खुद शिमला नगर निगम चुनाव की कमान संभाले हुए हैं।

# कांग्रेस ने लोगों को बरगलाकर लिए वोट, अब मुकरे: धवाला



पूर्व मंत्री रमेश धवाला सुक्खू सरकार के बारे में अपनी बात रखते हुए।

देहरा| भाजपा के पूर्व मंत्री रमेश धवाला ने सुक्खू सरकार पर जमकर निशाना साधा है। धवाला ने कहा कि केंद्र मे भाजपा की सरकार है, लेकिन हिमाचल में कांग्रेस ने झूठ बोलकर अपना सिक्का चला लिया है। लोगों को बेवकूफ बनाया गया। महिलाओ को कहा कि सबको 1500 रूपए मिलेंगे, अब उससे मुकर रहे हैं।

धवाला ने कहा कि हमने भी लोगों को अपनी पार्टी की योजनाओ के बारे मे बताया, लेकिन कांग्रेस ने झूठ बोलकर, बरगलाकर लोगो से वोट ले लिए। कांग्रेस ने कहा था कि वह गोबर भी खरीदेंगे और दूध भी। 10 गारंटियां दी गई, लेकिन अब मुकर रहे है। विपक्षी दल जितना मर्जी प्रयास कर लें, पर प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता को कम नहीं कर सकते। धवाला ने कहा कि जिस प्रकार से प्रधानमंत्री जन-जन से जुड़े है और सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलते है, उससे साफ दिखता है कि आने वाले लोकसभा चुनाव में एक बार फिर भाजपा की सशक्त सरकार भारत में बनने जा रही है और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से एक बार फिर भाजपा का परचम लहराने वाला है। सभी संसदीय क्षेत्रों में लहराएगा।

# जल रक्षकों को अनुबंध में शामिल करने का सेवाकाल आठ वर्ष करें प्रदेश सरकार

रामपुर बुशहर| जल रक्षक नाममात्र वेतन पर भी दिन रात अपनी सेवाएं दे रहे हैं। लेकिन न तो उन्हें नियमित किया जा रहा है और न ही उनके वेतन को बढ़ाया जा रहा है। जल रक्षक मात्र 4500 मे ग्रामीण क्षेत्रों जल स्रोतों की देख-रेख, जल भंडारणी टैंकों के स्वच्छता कार्य, पानी में कीटनाशक ब्लीचिंग पाउडर मिलाकर, पेयजल लाइनों का रिसाव, टूट-फूट की मरम्मत इत्यादि कार्य को दिन रात कर रहे है। बावजूद इसके सरकार उनकी मांगों को लेकर कोई गौर नहीं कर रही है।

इसी को लेकर जलरक्षक की निरमंड इकाई ने अपनी मांगों को लेकर एसडीएम निरमंड को ज्ञापन सौंपा। इकाई सदस्यों ने कहा कि जल रक्षकों को 12 वर्षों का सेवाकाल पूरा करने के बाद अनुबंध में लिया जाता है। जो कि किसी भी विभाग के कर्मचारियों को स्थायी नीति के अधीन आने को इतना ज्यादा कार्यकाल नहीं रखा गया है। इस मौके पर राजेन्द्र सिंह, कुलवन्त भूषण, राकेश कुमार, बुधराम, चन्द्र प्रकाश, राजेन्द्र चौहान शुक्ला, तथा बलदेव के सहित, संघ से जुड़े अन्य सदस्य भी विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

## प्रदेश में स्कूलों का हॉलिडे कैलेंडर जारी

# 365 दिन में 52 छुट्टियां मिलेंगी दिवाली पर 4 छुट्टियां दी जाएंगी

शिमला | हिमाचल प्रदेश मे शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए स्कूलों में छुट्टियों का शेड्यूल जारी कर दिया है। बच्चों को संडे, तीज त्योहार के अलावा पूरा साल 52 छुट्टियां मिलेंगी। समर वैकेशन स्कूलों में 22 जून से 29 जुलाई तक मानसून ब्रेक होगी। दिवाली के लिए 4 छुट्टिया दी जाएंगी। विंटर ब्रेक लोहड़ी के दौरान 6 दिन का होगा। किन्नौर, पांगी और भरमौर में 1 जनवरी 2024 से 15 फरवरी तक विंटर ब्रेक होगा। विंटर वैकेशन स्कूलो में 1 जनवरी से 11 फरवरी तक सर्दियों की छुट्टिया होंगी। इन स्कूलों में 22 से 27 जुलाई तक मानसून ब्रेक होगी। दिवाली के दौरान 4 दिन की छुट्टियां दी जाएगी। कुल्लू जिले मे 23 जुलाई से 14 अगस्त तक मानसून ब्रेक होगा। दशहरे के लिए 10 दिन की छुट्टिया दी जाएगी। दिवाली की छुट्टियां 2 दिन की रहेंगी। इन स्कूलों में 26 दिसम्बर 2023 से 11 जनवरी 2024 तक विंटर ब्रेक होगा। लाहौल-स्पीति में समर ब्रेक 17 जुलाई से 27 अगस्त तक होगा। इस जिले मे भी दशहरा के दौरान 10 दिन की छुट्टियां दी जाएंगी। रविवार, दूसरा शनिवार और त्योहार मिलाकर बच्चों को पूरे साल 116 छुट्टियां मिलेगी, यानी बच्चों को पढ़ाई के लिए 249 दिन स्कूल आना होगा।